• जयपुर, गुरुवार 19 मार्च 26 • वर्ष 15 • अंक 146 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

पेज @3 आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) जयपुर का 11वां दीक्षांत समारोह ...
पेज @4 विकास कार्य ठप, पंचायतों की राशि अटकी : सांसद कुलदीप इंदौरा...
पेज @8 रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ...

## अब फ्लाइट में 60 प्रतिशत सीटों पर नहीं देना होगा चार्ज, केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली/एजेंसी**

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि एयरलाइंस को सीट आवंटन प्रक्रिया को अधिक यात्री-अनुकूल बनाना होगा, जिसमें एक ही पीएनआर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को यथासंभव साथ या नजदीकी सीटों पर बैठाने की व्यवस्था की जाए।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा जारी इन निर्देशों में यात्रियों के अधिकारों को मजबूत करने और सभी एयरलाइंस में एक समान व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया गया है। हालांकि, कम से कम 60 प्रतिशत सीटें मुफ्त देने जैसी कोई बाध्यता स्पष्ट रूप से लागू नियम के रूप में नहीं बताई गई है; सीट




आवंटन को पारदर्शी और उचित बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

मंत्रालय के अनुसार, खेल उपकरण और वाद्य यंत्र ले जाने की सुविधा सुरक्षा और परिचालन नियमों के तहत पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, एयरलाइंस को पालतू जानवरों के परिवहन के लिए स्पष्ट और सार्वजनिक नीतियां जारी करनी होंगी। अन्य प्रमुख निर्देशों में उड़ान में देरी, रद्द होने या बोर्डिंग से वंचित किए जाने की स्थिति में यात्रियों के अधिकारों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना शामिल है। एयरलाइंस को अपनी वेबसाइट, मोबाइल ऐप, बुकिंग प्लेटफॉर्म और एयरपोर्ट काउंटरों पर यात्रियों के अधिकारों की जानकारी प्रमुखता से प्रदर्शित करनी होगी। इसके अलावा, यह जानकारी क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोगों तक जागरूकता पहुंच सके।

मंत्रालय ने यह भी बताया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन चुका है। ष्ठ्रह योजना के तहत हवाई यात्रा को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के प्रयास जारी हैं।

यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के लिए मंत्रालय ने कई पहलें शुरू की हैं, जिनमें किफायती भोजन के लिए 'ष्ठ्रह यात्री कैफे', किताबों तक मुफ्त पहुंच के लिए और हवाई अड्डों पर मुफ्त वाई-फाई जैसी सुविधाएं शामिल हैं। मंत्रालय ने दोहराया कि यात्रियों की सुविधा और अधिकारों की रक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**न्यूज़ अपडेट**

### शाजापुर में दर्दनाक हादसा, खेलने निकले दो बच्चों की नदी में डूबने से मौत

**शाजापुर/एजेंसी।** मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां नदी में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, अकोदिया थाना क्षेत्र के देवला बिहार गांव में कालीसिंध नदी में नहाने के दौरान दो बालक डूब गए। मृतकों की पहचान पीयूष (13), पिता किशोर और अनमोल (12), पिता बलवान के रूप में हुई है। पीयूष कक्षा 6 का छात्र था, जबकि अनमोल उसका भांजा बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे मंगलवार शाम करीब 4 बजे घर से खेलने के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। चिंतित परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान दोनों के नदी में डूबने की जानकारी सामने आई, जिसके बाद उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### टीनशेड गिरने से दो बच्चों समेत तीन की मौत

● **परिवार के अन्य 3 लोगों की हालत गंभीर**

**मैनपुरी/एजेंसी।** जिले के थाना कुरावली क्षेत्र स्थित आठपुरा गांव में बुधवार की सुबह एक हृदयविदारक हादसा हुआ। मकान की दीवार के साथ टिनशेड गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई।

घटना के समय पूरा परिवार टिनशेड के नीचे सो रहा था, तभी अचानक मलबे की चपेट में आने से 40 वर्षीय रूबी, 8 वर्षीय मासूम दिलीप और 13 वर्षीय देवी ने दम तोड़ दिया। इस हादसे में परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है और राहत कार्य जारी है।

# चार्जिंग प्वाइंट की चिंगारी से घर में लगी भीषण आग, 7 लोगों की मौत

### घर में रखे हुए थे 10 गैस सिलेंडर



**इंदौर/एजेंसी।**

मध्य प्रदेश में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। ब्रिजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के एक रिहायशी मकान में भीषण आग लगने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

सहायक पुलिस आयुक्त कुंदन मंडलोई के अनुसार, आग तड़के करीब 3:30 बजे से 4:30 बजे के बीच लगी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। मकान से सभी शव निकाल लिए गए हैं और राहत एवं बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है। जिला कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि आग बुझाने के बाद मकान की दो मंजिलों को पूरी तरह खाली करा लिया गया है, जबकि तीसरी मंजिल की जांच की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंदर कोई और फंसा न हो।

प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह इलेक्ट्रिक वाहन की चार्जिंग के दौरान हुआ विस्फोट माना जा रहा है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के अनुसार, घर के बाहर एक इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज हो रहा था, तभी चार्जिंग प्वाइंट में स्पार्क या ब्लास्ट हुआ और आग तेजी से फैल गई।

स्थिति उस समय और गंभीर हो गई, जब घर में रखे 10 से अधिक गैस सिलेंडरों में से कुछ में विस्फोट हो गया। इसके अलावा, मकान में मौजूद ज्वलनशील केमिकल्स ने आग को और भड×काया। यह मकान मनोज पुगालिया का बताया जा रहा है, जो पॉलिमर के व्यवसाय से जुड़े थे। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### दिल्ली में चार मंजिला इमारत में लगी भीषण आग, एक ही परिवार के सात लोगों की मौत



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार को एक चार मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं। जानकारी के अनुसार, आग लगने के बाद इमारत के अंदर एक ही परिवार के 10 लोग फंस गए थे। सूचना मिलते ही दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी इमारत धुएं और लपटों से घिर गई।

दमकल विभाग के अनुसार, मौके पर आग बुझाने के लिए कुल 25 गाड़ियों को तैनात किया गया है। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने की कोशिश की और धीरे-धीरे स्थिति को नियंत्रण में लाया जा रहा है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। इस हादसे में इमारत के अंदर मौजूद कई लोग धुएं के कारण फंस गए थे। राहत टीमों ने समय रहते लोगों को बाहर निकाला। हालांकि, धुएं की वजह से सांस लेने में दिक्कत होने पर चार लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

## छत्तीसगढ़ : अलग-अलग सड़क हादसों में स्कूली छात्र समेत 5 की मौत

**रायपुर/एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां अलग-अलग सड×क दुर्घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। इन दर्दनाक हादसों से प्रदेश में शोक का माहौल है। बिलासपुर जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में सुबह करीब 8:30 बजे स्कूल जा रहे 12 वर्षीय छात्र जयवंत पटेल की सड×क हादसे में मौत हो गई। वह कक्षा 7वीं का छात्र था और साधीपारा का निवासी था। वहीं कोरबा जिले में कोयले से भरी ट्रेलर ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचल दिया। हादसे में बृजपाल सिंह कंवर (23), मंगल सिंह (25) और ओमप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रेलर पलट गया और सड़क पर कोयला बिखर गया। हाइड्रा मशीन की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। लोरमी में भी तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इन हादसों के बाद पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लगातार बढ़ते सड़क हादसों ने एक बार फिर यातायात नियमों के पालन और रफ्तार पर नियंत्रण की जरूरत को उजागर किया है।

### बंगाल चुनाव : टीएमसी ने सभी सीटों पर किया उम्मीदवारों का ऐलान, भवानीपुर से लड़ेंगी ममता

**कोलकाता/एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी भवानीपुर से विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। ममता बनर्जी ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विधानसभा चुनाव के लिए सभी 294 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी। टीएमसी द्वारा जारी इस लिस्ट में ममता बनर्जी समेत पश्चिम बंगाल के कई दिग्गज टीएमसी नेताओं के नाम शामिल हैं, जिन्हें उम्मीदवार बनाया गया है।



बता दें कि सीएम ममता बनर्जी भवानीपुर विधानसभा सीट से भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरेंगी। वहीं, हाल ही में टीएमसी में शामिल हुए पवित्र कर को नंदीग्राम से टिकट दिया गया है, जहां उनका भी मुकाबला सुवेंदु अधिकारी से होगा। भाजपा ने सुवेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और भवानीपुर दोनों विधानसभा सीटों से टिकट दिया है। इसके साथ ही सुजापुर सीट से सबीना यास्मीन, जंगीपुर सीट से जाकिर हुसैन, सागरदिघी सीट से बायरन बिस्वास, दिनहाटा सीट से उदयन गुहा चुनाव लड़ेंगे। वहीं, सिलीगुड़ी सीट से गौतम देव चुनाव मैदान में उतरे हैं। खगराम सीट से आशीष मारजीत चुनाव लड़ेंगे। करीमपुर सीट से सोहम चक्रवर्ती चुनाव लड़ेंगे। कंडी सीट से अपूर्व सरकार चुनाव लड़ेंगे। सिताई सीट से संगीता रॉय बसुनिया चुनाव लड़ेंगी। कृष्णानगर उत्तर सीट से अभिनव भट्टाचार्य चुनाव लड़ेंगे। नवद्वीप सीट से पुण्डरीकाक्ष साहा चुनाव लड़ेंगे।

### तेज़, सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक भारतीय रेलवे आम आदमी और मध्यम वर्ग की सवारी है: केंद्रीय रेल मंत्री

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारतीय रेलवे अभूतपूर्व विस्तार और आधुनिकीकरण का गवाह बन रहा है, जिसे केंद्रीय बजट 2026-27 में लगभग ? 2.78 लाख करोड़ के रिका-ॅर्ड बजटीय आवंटन का समर्थन प्राप्त है। रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों (2026-27) पर संसद में हुई चर्चा का जवाब देते हुए, श्री अश्विनी वैष्णव ने आज इस बात पर प्रकाश डाला कि रेलवे में एक प्रमुख संरचनात्मक सुधार रेलवे बजट का आम बजट में विलय था, जिससे तीन प्रमुख लाभ हुए हैं। उन्होंने भारतीय रेलवे के चल रहे परिवर्तन को धीमी वृद्धि से अति तीव्र परिवर्तन की ओर बदलाव बताया, जो राष्ट्रीय परिवहन सेवा के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।



पहला, इससे बजटीय समर्थन में पर्याप्त वृद्धि हुई है, जो पहले लगभग ? 25,000-30,000 करोड़ से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में लगभग ?2.78 लाख करोड़ हो गया है। दूसरा, इससे परियोजनाओं की मंजूरी, नई सेवाओं की शुरुआत और प्रौद्योगिकी को अपनाने सहित पूरे वर्ष निरंतर निर्णय लेने और अनुमोदन की प्रक्रिया सुगम हुई है। तीसरा, इससे अधिक पारदर्शिता और संस्थागत निगरानी सुनिश्चित हुई, जिसके तहत परियोजनाओं की समीक्षा वित्त मंत्रालय और नीति आयोग से जुड़े तंत्रों

# भारत के एक और टैंकर ने पार की स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, यूएई से 80,800 मिट्रिक कच्चा तेल लेकर भारत पहुंचा

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे संवेदनशील समुद्री मार्ग से गुजरते हुए भारत का एक और महत्वपूर्ण कच्चा तेल टैंकर सुरक्षित रूप से गुजरात पहुंच गया है। भारतीय ध्वज वाला जहाज 'जग लाडकी' यूएई के फुजैराह पोर्ट से करीब 80,800 मीट्रिक टन मुर्बन क्रूड ऑयल लेकर बुधवार को मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा।




सूत्रों के मुताबिक, यह जहाज रविवार को फुजैराह से रवाना हुआ था। लोडिंग के दौरान शनिवार को फुजैराह ऑयल टर्मिनल पर ड्रोन हमला हुआ, जिससे आग लग गई और कुछ समय के लिए लोडिंग ऑपरेशंस प्रभावित हुए। हालांकि, 'जग लाडकी' और उस पर सवार सभी भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित रहे।

हमले के अगले ही दिन जहाज ने सुरक्षित रूप से पोर्ट छोड़ा और बिना किसी नुकसान के स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार कर भारत पहुंच गया। यह युद्ध प्रभावित क्षेत्र से सुरक्षित निकलने वाला चौथा भारतीय ध्वज वाला जहाज है।

इससे पहले, दो भारतीय एलपीजी कैरियर 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' भी शनिवार को इसी मार्ग से सुरक्षित गुजरे थे, जिनमें कुल 92,712 टन एलपीजी लदा था। 'शिवालिक' मुंद्रा बंदरगाह पहुंच चुका है, जबकि 'नंदा देवी' कांडला पोर्ट पर पहुंचा। वहीं, शुक्रवार को ओमान के सोहर पोर्ट से टैंजेनिया जा रहा 'जग प्रकाश' नामक एक अन्य भारतीय टैंकर भी गैसोलीन लेकर सुरक्षित निकल चुका है।

ईरान ने इस रणनीतिक जलमार्ग को अमेरिकी और इजरायली जहाजों के लिए बंद कर दिया है, लेकिन भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग देने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध केवल अमेरिका और इजरायल से जुड़े जहाजों पर लागू होगा। भारत और ईरान के बीच उच्चस्तरीय बातचीत के बाद भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की गई है।

ईरान ने यूएई के पोर्ट क्षेत्रों को लेकर चेतावनी भी जारी की है और वहां से निकासी की अपील की है। इस बीच, शिपिंग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पर्शियन गल्फ क्षेत्र में इस समय 22 भारतीय ध्वज वाले मर्चेंट जहाज मौजूद हैं, जिनमें छह एलपीजी कैरियर, एक एलएनजी कैरियर और चार क्रूड ऑयल टैंकर शामिल हैं। इन जहाजों पर कुल 611 भारतीय नाविक सवार हैं, जिनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार लगातार ईरान के संपर्क में है।

कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि ईरान ने तीन जब्त टैंकरों की रिहाई के बदले सुरक्षित मार्ग की मांग की है, लेकिन भारत ने इन दावों को खारिज किया है। यह पूरा घटनाक्रम भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है, क्योंकि देश के लगभग 40 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते होता है। क्षेत्रीय तनाव के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हो रही है और कीमतों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। ऐसे में 'जग लाडकी' का सुरक्षित पहुंचना भारत की कूटनीतिक सक्रियता और रणनीतिक संतुलन का संकेत माना जा रहा है।

### पिता को भी छुट्टी मिलनी चाहिए, घर में बच्चे के जन्म पर पैटरनिटी लीव पर सुप्रीम कोर्ट ने कानून बनाने की कही बात

**नई दिल्ली/एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पितृत्व अवकाश (पैटरनिटी लीव) को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए केंद्र सरकार से इसे सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार करने को कहा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि बच्चे के विकास में केवल मां ही नहीं, बल्कि पिता की भूमिका भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। यह टिप्पणी जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ द्वारा एक मामले की सुनवाई के दौरान की गई। मामला उस नियम से जुड़ा था, जिसमें गोद लेने वाली मां को केवल तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही मातृत्व अवकाश मिलता था। अदालत ने इस प्रावधान को खारिज करते हुए कहा कि गोद लेने वाली मां को भी 12 सप्ताह का मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए, चाहे बच्चे की उम्र कुछ भी हो। कोर्ट ने इसे समानता और न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप बताया।




पीठ ने कहा कि बच्चे के भावनात्मक, शारीरिक और मानसिक विकास में मां की भूमिका निस्संदेह केंद्रीय होती है, लेकिन पिता की भूमिका को नजरअंदाज करना न तो उचित है और न ही न्यायसंगत। माता-पिता बनना एक साझा जिम्मेदारी है, जिसमें दोनों की बराबर भागीदारी जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चे के जीवन के शुरुआती महीने और वर्ष बे-हद महत्वपूर्ण होते हैं। इसी दौरान माता-पिता और बच्चे के बीच मजबूत भावनात्मक संबंध बनते हैं।

# नौकरशाही में भ्रष्टाचार का अध्याय नहीं

**हरिशंकर व्यास**



इस पहेली को सुलझाया जा रहा है कि एनसीईआरटी ने आठवीं क्लास के बच्चों को न्यायपालिका मे भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाने का फैसला किया तो शासन के बाकी अंगों या लोकतंत्र के बाकी स्तंभों के बारे में क्यों नहीं कुछ सोचा? क्या एनसीईआरटी की किताब तैयार करने वाली कमेटी की नजरों में लोकतंत्र के बाकी तीन स्तंभ पाक साफ हैं? उनके यहां भ्रष्टाचार नहीं है? कहीं ऐसा तो नहीं है कि पर्ची निकाल कर तय किया गया कि पहले न्यायपालिका का भ्रष्टाचार पढ़ाया जाएगा और उसके बाद बाकी स्तंभों के भ्रष्टाचार के बारे में बताया जाएगा? क्योंकि दुनिया भर में प्रेस फ्रीडम को लेकर काम करने वाली ज्यादातर संस्थाओं ने भारत में मीडिया कि रेटिंग काफी नीचे रखी है। भारत में मीडिया की विश्सनीयता भी बाकी संस्थाओं से कम है। सत्ता पक्ष के नेताओं ने सरकार पर सवाल उठाने वालों को टुकड़े टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल का टैग दे दिया तो दूसरी ओर विपक्ष ने सरकार का समर्थन करने वालों को गोदी मीडिया या भक्त मीडिया का टैग दे दिया। इसका मतलब है कि किसी की नजर में मीडिया विश्वसनीय नहीं है। लेकिन एनसीईआरटी ने मीडिया में भ्रष्टाचार या कंप्रोमाइज को लेकर पाठ नहीं तैयार किया।

इसी तरह जिस दिन 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' शीर्षक अध्याय को लेकर विवाद शुरू हुआ उसी दिन अखबारों के पहले पन्ने पर ओडिशा के माइंस डिपार्टमेंट के एक डिप्टी डायरेक्टर के यहां विजिलेंस विभाग की कार्रवाई की खबर थी। खबर के साथ तस्वीरें भी थीं, जिसमें चारों तरफ नोट ही नोट दिखाई दे रहे थे। डिप्टी डायरेक्टर स्तर के अधिकारी के यहां छापे में चार करोड़ रुपए नकद बरामद हुए। इसके अलावा जमीन और फ्लैट के कागजात और जेवर आदि अलग से बरामद हुए। ऐसा नहीं है कि यह कोई अपवाद वाली खबर थी। यह सबसे रूटीन की खबर है। किसी क्लर्क के यहां या किसी चपरासी के यहां छापे में लाखों, करोडों रुपए की जब्ती बहुत आम बात है। बड़े नौकर-शाह तो अरबों के आसामी होते हैं। फिर भी नौकरशाही में भ्रष्टाचार का अध्याय नहीं जोड़ा गया। क्या एनसीईआरटी की नजर में अधिकारी भी पवित्र गाय हैं?

प्रेस और कार्यपालिका के अलावा लोकतंत्र का सबसे प्रमुख स्तंभ विधायिका है। देश में आठ सौ से कुछ कम सांसद और चार हजार से कुछ ज्यादा विधायक हैं। पिछले दिनों कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक पांच लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार हुए। देश की हर पार्टी के कुछ न कुछ नेता किसी न किसी मामले में आरोपी हैं। जो जितना बड़ा नेता है उसके ऊपर उतने ज्यादा रुपए के घोटाले के आरोप हैं। अगर किसी किताब में विधायिका यानी विधायकों और सांसदों के भ्रष्टाचार का चैप्टर शामिल किया जाए तो देश के लोग आंख मूंद कर उस पर भरोसा करेंगे। लेकिन एनसीईआरटी ने विधायकों, सांसदों यानी विधायिका में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बच्चों के स्कूल में अध्याय नहीं प्रकाशित कराया।

तभी बड़ी हैरानी की बात है कि सिर्फ न्यायपालिका को क्यों चुना गया? अगर लॉटरी या पर्ची निकाल कर यह फैसला नहीं हुआ कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार शीर्षक से किताब में अध्याय शामिल करना है और यह काम केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय, एनसीईआरटी और उसकी बनाई कमेटी ने नहीं किया तो निश्चित रूप से इसके पीछे किसी विदेशी साजिश के पहलू से सरकार को जांच करानी चाहिए। सरकार को कोई टूलकिट तलाशना चाहिए। विपक्षी पार्टी पर आरोप लग सकते हों तो उसको ही जिम्मेदार ठहराना चाहिए। ऐसा कहने का कारण यह है कि प्रधानमंत्री से लेकर शिक्षा मंत्री और एनसीईआरटी के निदेशक तक सब यही कह रहे हैं कि पता लगाओ किसने ऐसा किया!

संपादकीय

## रैप म्यूजिक से बनाई पहचान


पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है।

नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज़ आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल–पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया। पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले– उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है।

बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन–जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे। अपनी खराब छवि के कारण ही रवि लामिछाने ने शाह को पार्टी का चेहरा बनाया। ये दांव कामयाब रहा। लेकिन आगे का रास्ता कठिन है। आरएसपी की सरकार को मतदाताओं की ऊंची उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। बेरोजगारी, युवाओं के सामने अवसरहीनता, गरीबी और आम विकास की कसौटियों पर पिछड़ापन वे समस्याएं हैं, जिनका समाधान नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां नहीं ढूंढ पाई। इसके लिए प्रयासरत होने के बजाय उनके नेता आलीशान जिंदगी जुटाने में लग गए। क्या आरएसपी उससे अलग संस्कृति और समाधान दे पाएगी, यह अब मुख्य प्रश्न है।

## जंग के बीच भारत की सफल कूटनीति से एलपीजी लेकर सुरक्षित भारत पहुंचे जहाज

**सौरभ वार्ष्णेय**



इसे भारत की सफल कूटनीति की जीत तो कहा ही जायेगा इसके साथ-साथ भारत ने अपनी अदम्य सहास का परिचय भी दे दिया है। यानी देशवासी अब चिंता न करें । एलपीजी की समस्या जल्द सामान्य हो जायेगी। क्योंकि जैसे युद्व के बीच दो जहाज का भारत एलपीजी लेकर आना भारत की सफलता मानी जायेगी। भारत शुरु से ही शांतिप्रिय देश है और हमेश से शांति में ही रहने से अपील करता आया है। ऐसे में मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बाद एलपीजी गैस की सप्लाई प्रभावित हुई इसमें कहने से गुरेज नहीं करना चाहिए क्योंकि एलपीजी का अधिक समय तक स्टोरेज नहीं कर सकते? ऐसे समय में जब भारत देश में गैस एजेंसी के बाहर लम्बी लम्बी लाइनें लग रही है जो कि अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत में एलपीजी की आपूर्ति होना शुरू होने के बाद इस समस्या के अंत के अच्छे संकेत हैं। यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं अपितु यह हमारे भारत देश की सफल राजनीति, कूटनीतिज्ञ, दूरदर्शिता की महाजीत है।

मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान से जुड़े युद्ध जैसे हालात के बीच भारत ने जिस तरह अपनी ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखते हुए एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की है, वह उसकी परिपक्व और संतुलित कूटनीति का स्पष्ट उदाहरण है। वैश्विक संकट के दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता की रीढ़ होती है, और भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदलने का काम किया है। भारत लंबे समय से ऊर्जा आयात पर निर्भर रहा है, विशेषकर पश्चिम एशिया के देशों पर। ऐसे में जब ईरान के आसपास भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा और सप्लाई चेन बाधित होने की आशंका बनी, तब भारत के सामने दोहरी चुनौती थी—एक ओर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना और दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच संतुलन बनाए रखना। भारत की कूटनीतिक रणनीति यहां बहु-आयामी रही। एक तरफ उसने अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों को संतुलित रखा, वहीं दूसरी ओर ईरान जैसे महत्वपूर्ण ऊर्जा साझेदार के साथ संवाद के दरवाजे खुले रखे। परिणामस्वरूप, भारत न केवल वैकल्पिक स्त्रोतों से रुक्कत्र की आपूर्ति सुनिश्चित करने में सफल रहा, बल्कि आवश्यक मात्रा में ईंधन की उपलब्धता भी बनाए रखी। इस पूरी प्रक्रिया में भारत ने रणनीतिक स्वायत्तता की नीति को मजबूती से अपनाया। भारत ने किसी एक धड़े में पूरी तरह झुकने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी। यही कारण है कि संकट के बावजूद घरेलू बाजार में कच्चे तेल की उपलब्धता पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा और कीमतों में भी अपेक्षाकृत स्थिरता बनी रही।

इसके अलावा, भारत ने सऊदी अरब, यूएई और अन्य ऊर्जा उत्पादक देशों के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत किया, जिससे सप्लाई के वैकल्पिक रास्ते खुले। यह कदम दर्शाता है कि भारत केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी कूटनीति पर काम कर रहा है।

हालांकि, यह भी सच है कि ऐसे संकट भारत के लिए चेतावनी भी हैं। ऊर्जा के लिए बाहरी निर्भरता को कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की जरूरत पहले से अधिक महसूस की जा रही है।

ईरान युद्ध के बीच कच्चे तेल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की संतुलित, व्यावहारिक और प्रभावी कूटनीति की बड़ी जीत है। यह संदेश भी देता है कि बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच भारत अपने हितों की रक्षा करना अच्छी तरह जानता है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, समाचार पत्र व पत्रिकाओं में समसमायिक विषयों पर चिंतक, राजनीतिक विचारक है।

## आज का राशिफल

### मेष राशि-

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार में तनाव लेने की जरूरत नहीं है। जिंदगी का एक बड़ा सबक इस बात को मान लेना है, कि बहुत सी चीजों को बदलना नामुमकिन है।

### वृष राशि-

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब में कार्यरत लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपके मन किसी प्रकार का दर रहेगा जो आपकी ओवर थिंकिंग के कारण हो सकता है।

### मिथुन राशि-

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे और जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे और कुछ पुरानी परिस्थितियों में बदलाव होने में समय लगेगा। आज किसी काम को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। गृहस्थ जीवन में खुशियों आएंगी। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे।

### कर्क राशि-

आज आपका मन राजनीतिक और सामाजिक कार्यो की तरफ अधिक रहेगा। राजनितिक मामले में आज सुखद यात्रा के योग बन रहे हैं। रोजमर्रा के काम समय से पूरे होगें उनसे फायदा भी मिल सकता है। आपका नए वाहन का खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आज आप किसी से अपने मन की बातें को शेयर करेंगे और वह आपकी बातों की अहमियत देगा। परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे। संतान की ओर से आपको खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### सिंह राशि-

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। काफी समय से चल रही बीमारी से आपको छुटकारा मिल सकता है। आज किसी भी व्यक्ति के लिए अपने मन में प्रतिशोध की भावना न रखें। जैसी आपकी सोच रहेगी, वैसे ही अनुभव मिलेंगे।

### कन्या राशि-

आज का दिन जीवन में एक नई ऊर्जा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। परिवार के कुछ लोग आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। आपको अपना स्वभाव सुधारना होगा। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करें। आज दूसरों के विचारों का असर आप के निर्णय पर न हो, इस बात का ध्यान रखें। जीवन साथी के साथ चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी, परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

### तुला राशि-

कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको ठंडे दिमाग से सोचने की जरूरत है , महत्वपूर्ण परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपसे मदद मांगेंगे। आपके सामाजिक योगदान संबंधी कार्यों के लिए आपको सम्मानित किया जाएगा। मेडिकल की पढ़ाई कर रहें छात्रो को सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। घर के जरूरी दस्तावेजों का खास ख्याल रखें। स्वास्थ्य समस्याओं के कारण तनाव हो सकता है लेकिन जल्द ही सब ठीक होगा।

### वृश्चिक राशि-

आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। पारिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगो को आज बढिया मुनाफा होगा। पिता से आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज ऐसी पुरानी चीज आपके हाथ लग सकती है, जिसे पा कर आपको खुशी महसूस होगी।

### धनु राशि-

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारिफ करेंगे। आज आप सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारियां दी हुई हैं उसे भी आप पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। इस राशि के जो लोग फर्नीचर का व्यापार कर रहे है, उन्हें उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा। परिवार में सभी आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

### मकर राशि-

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज आप किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं जहां आपको अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे साथी बड़ी डील फाइनल हो सकती है जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। इस राशि के जो जिम ट्रेनर है उनको आज अच्छे ग्राहक मिलेगें। आपके व्यावसायिक कौशल में मे नया निखार आएगा और आप एक मजबूत प्लानिंग के साथ एस पेशेवर दौड़ में खुद को आगे पायेंगे। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।

### कुंभ राशि-

आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जाएंगे। टूर-ट्रैवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है। आज आपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। माता आज अपने बच्चों को कुछ मीठा बना के खिला सकते हैं।

### मीन राशि-

आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेटस आज साथ में अधिक समय बितायेंगे और साथ ही डिनर प्लान कर सकते हैं। आज आपका रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी। आप सफलता की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ जाएंगे।

## शब्द सामर्थ्य -346

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 345 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दी | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## सू- दोकू क्र.346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.345का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## संक्षिप्त समाचार

### फलोदी में शोक की लहर: भाजपा नेता मुकेश कुमार जवड़ा का निधन

**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** भाजपा के युवा नेता मुकेश कुमार जवड़ा के असामयिक निधन से शहर में शोक की लहर फैल गई। वे लंबे समय से सक्रिय राजनीति में जुड़े हुए थे और वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में कार्यरत थे। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए उनके पिता कमल किशोर जवड़ा को सांत्वना संदेश भेजा।

मुकेश कुमार जवड़ा ने वर्ष 2010 में जयनारायण मोहनलाल पुरोहित राजकीय पीजी महाविद्यालय में छात्रसंघ पदाधिकारी के रूप में कार्य किया और विद्यार्थी परिषद में विभिन्न दायित्व निभाए। वे भाजपा शहर मंडल फलोदी में पूर्व महामंत्री भी रहे। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और स्थानीय विधायक पब्बाराम विश्नोई ने दूरभाष पर परिवार से बात कर शोक संवेदना व्यक्त की।

भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति ज्यानी, प्रदेश प्रवक्ता रेवंत सिंह राजपुरोहित, मनोहर पालीवाल, जयप्रकाश बोहरा, मेघराज कल्ला, शिवप्रकाश पंचारिया सहित कई नेताओं ने इसे अपूरणीय क्षति बताया। भाजपा जिला महामंत्री जयप्रकाश बोहरा ने स्व. जवड़ा के निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री का पत्र सौंपा और परिवार को ढांढस बंधाया।

### एनएसएस विशेष शिविर में शिक्षा व जागरूकता की अलख जगी



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फलोदी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के विशेष शिविर के तहत आज स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देना एवं समाज में जागरूकता फैलाना रहा। प्रातः सत्र में स्वयंसेवकों ने आसपास के बच्चों को अक्षर ज्ञान एवं सामान्य ज्ञान का प्रशिक्षण दिया। रोचक तरीके से पढ़ाई करवाई गई, जिससे बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ी। दोपहर सत्र में डिजिटल साक्षरता पर कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीणों को मोबाइल के सही उपयोग, ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी गई। शाम को ''शिक्षा का महत्व'' विषय पर नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की।

### माधाराम परिहार बने मेघवाल समाज संगठन के जिला महासचिव

**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** राजस्थान मेघवाल समाज संगठन ने देचू तहसील के गांव कोलू राठौड़ा (मेघवालों की ढाणी) निवासी माधाराम परिहार को फलोदी जिला महासचिव पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सांगीलाल मेघवाल द्वारा की गई। संगठन द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि परिहार को उनकी कर्मठता, जुझारू प्रवृत्ति, लगनशीलता एवं समाजसेवा के कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी कार्यकारिणी का गठन कर संगठन से अनुमोदन प्राप्त करें और समाज के विकास हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं। संगठन ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वे वंचित समाज को संगठित कर संगठन को घर-घर तक पहुंचाएं और समाज हित के कार्यों को मजबूती दें। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने माधाराम परिहार को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

### संगरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 80 लाख की नशीली गोलियों के साथ पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई)।** जिला पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद आरपीएस के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत संगरिया पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने गश्त और नाकाबंदी के दौरान अमृतसर-जामनगर हाईवे भारतमाला रोड पर रोही फतेहपुर के पास एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें से 19,700 प्रतिबंधित नशीली टैबलेट्स ट्रामाडोल एचसीएल बरामद की गईं। जब्त की गई इन नशीली गोलियों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 80 लाख रुपये बताई जा रही है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कार सवार आरोपी सतनाम सिंह और गुरदेव सिंह उर्फ गोरासिंह, निवासी जिला बठिण्डा पंजाब को गिरफ्तार कर लिया है।

इस पूरी कार्रवाई को संगरिया थानाधिकारी अमर सिंह के नेतृत्व में अंजाम दिया गया, जिसमें जिला विशेष टीम (DST) हनुमानगढ़ की गोपनीय आसूचना और साक्ष्य संकलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार संख्या ढइ 13 इठ 4848 को भी जब्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ संगरिया थाने में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसकी आगे की जांच तलवाड़ा थानाधिकारी जगदीश सिंह द्वारा की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशा तस्करी, अवैध हथियारों और गैंगस्टरों के खिलाफ यह सख्ती आगे भी जारी रहेगी।

### राजा टोडरमल जी महाराज की जयंती मनाई



**चमकता राजस्थान/चौमहला/शुभम गुप्ता।** गंगधार उपखंड के चोमहला नगर में अखिल भारतीय जांगड़ा पोरवाल समाज द्वारा राजा टोडरमल जी महाराज की जयंती के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। समाज अध्यक्ष राधेश्याम मांदलिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजा टोडरमल जी महाराज की 435 वी जन्म जयंती के अवसर पर नगर ने भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमे बेंडबाजो ढोल नगाड़ों ओर राजा टोडरमल जी महाराज की झांकी के साथ पोरवाल समाजजन नाचते झूमते हुऐ शोभायात्रा में नजर आए। वही शोभायात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत हुआ। शोभायात्रा का भाजपा मंडल चौमहला नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। शोभायात्रा राधाकृष्ण मन्दिर से आरम्भ हुई जोकि नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई जैन अतिथि गृह पहुची जहाँ महाआरती एवम महाप्रसादी की गई।

---

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में रहे उपस्थित

# आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) जयपुर का 11वां दीक्षांत समारोह

- राज्यपाल ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को डी.लिट्. (मानद) उपाधि से किया सम्मानित

## उप मुख्यमंत्री को सामाजिक एवं सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में मिली उपाधि

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को राजस्थान के राज्यपाल, श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े द्वारा सामाजिक एवं सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में डी.लिट्. (मानद) उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें आईआईएस. (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर द्वारा विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल, श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, दिया कुमारी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहीं।






उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को यह तीसरी मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। इससे पूर्व, उन्हें एमिटी यूनिवर्सिटी और निम्स यूनिवर्सिटी से भी इस उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की और इस सम्मान के लिए राज्यपाल और विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ₹इस मंच के माध्यम से मैं आज उन सभी विद्यार्थियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं, जो आज अपनी डिग्री प्राप्त करके अपने नए भविष्य की ओर कदम बढ़ाने जा रहे हैं। शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला होती है। यह केवल ज्ञान ही नहीं देती, बल्कि व्यक्तित्व का विकास करती है, सोच को व्यापक बनाती है और हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। विशेष रूप से बालिका शिक्षा का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि जब एक बेटी शिक्षित होती है तो वह पूरे परिवार और समाज के विकास में योगदान देती है।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विश्वविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. अशोक गुप्ता को याद किया और कहा कि ₹डॉ. अशोक गुप्ता ने 31 वर्ष पूर्व इस शिक्षा के मंदिर की मजबूत नींव रखी थी। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य के शिक्षा क्षेत्र को नए आयाम प्राप्त हुए। शिक्षा के प्रति उनका समर्पण और योगदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

समारोह में आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस सहित विभिन्न क्षेत्रों में पीएचडी, स्नातक तथा स्नातकोत्तर की डिग्रियां कुल 3450 विद्यार्थियों को प्रदान की गईं। साथ ही विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी वर्षों की मेहनत और उपलब्धियों का उत्सव मनाया।

पूर्व में विश्वविद्यालय के चांसलर श्री अमित गुप्ता ने स्वागत संबोधन देते हुए सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके पश्चात वाइस चांसलर प्रोफेसर टी. एन. माथुर ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अंत में प्रो चांसलर श्री सुमित गुप्ता के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रो वाइस चांसलर एवं रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता सहित विश्वविद्यालय की एग्जीक्यूटिव और अकेडमिक काउंसिल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

---

## जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने बताया कि 18.मार्च .2026 को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, जिले के समस्त वृत्तधिकारी / थानाधिकारी एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।



अपराध गोष्ठी के दौरान जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर विशेष रूप से समीक्षा की गई। जिला पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच की जाए तथा पूर्व में चोरी के मामलों में संलिप्त अपराधियों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अपराधियों की धरपकड करने के निर्देश दिए गए।

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाकर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सीमावर्ती क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गों पर चेकिंग अभियान सघन किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, वारंटों की तामीली, गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश तथा महिला एवं बाल अपराध से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

जिला पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने एवं जनसहयोग से अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सालमपुर निवासी फूलचन्द को दीक्षान्त समारोह में दी पीएचडी डिग्री




**चमकता राजस्थान/लक्ष्मणगढ़(नरेन्द्र तिलकपुर)।** लक्ष्मणगढ़ उपखंड के सालमपुर निवासी डॉ. फूलचन्द बैरवा को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई ।यह डिग्री उन्हें श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के अष्टम दीक्षान्त समारोह में कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीना ने प्रदान कि. बैरवा ने यह शोध 'राजस्थान के दौसा जिले दौसा की सिकराय तहसील के जीपीएस - जीआईएस आधारित मृदा उवर्रता के मानचित्र पर किया. बैरवा मूलतः ग्राम. सालमपुर तह. लक्ष्मणगढ जिला अलवर के रहने वाल है. वर्तमान में कृषि महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत है।

### हिन्दू नववर्ष पर शहर में आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा, शहर को सजाया दुहलन की तरह




**चमकता राजस्थान/(छोटू नाथ)** परबतसर में हिन्दू नववर्ष पर कल भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी ।तथा नववर्ष की तैयारियां को लेकर शहर के बस स्टैंड पर केसरिया झंडी ओर पताकों से पूरे शहर को सजाया गया है। वहीं बुधवार को शहर के बस स्टैंड पर शिव बारात , राजस्थान नृत्य घूमर सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।तथा गुरुवार को शहर के गणेश मंदिर से शोभायात्रा शुरू होकर शहर के विभिन्न मागो से होते हुए बस स्टैंड पर शोभायात्रा का समापन होगा इस दौरान शहर में शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जायेगा।

### रायसिंहनगर में वन विभाग पर उठे गंभीर सवाल, सूचना के बावजूद खेजड़ी लकड़ी से भरा ट्रक निकलने का आरोप

**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई)।** क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटाई को लेकर एक बार फिर वन विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि खेजड़ी (स्थानीय रूप से संरक्षित पेड़) के गुटकों से भरा एक ट्रक, विभागीय अधिकारियों को पूर्व सूचना देने के बावजूद बिना किसी कार्रवाई के निकल गया।

जानकारी के अनुसार, रायसिंहनगर क्षेत्र में खेजड़ी कटाई की सूचना वन विभाग अधिकारी और श्रीगंगानगर के डीएफओ को समय रहते दे दी गई थी। इतना ही नहीं, स्थानीय सूत्रों का दावा है कि संबंधित अधिकारी को यह तक पता था कि ट्रक किसका है, इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

सूचना देने वाले लोगों का कहना है कि जब अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन उठाना तक बंद कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम ने विभाग की कार्यप्रणाली और नीयत दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

वन्य जीव प्रेमियों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर जिम्मेदार अधिकारी ही सूचना के बावजूद कार्रवाई नहीं करेंगे तो हरे पेड़ों और वन्य जीवों की सुरक्षा कैसे संभव हो पाएगी। खेजड़ी जैसे महत्वपूर्ण पेड़, जो पर्यावरण संतुलन और वन्य जीवों के लिए बेहद जरूरी हैं, उनकी अवैध कटाई को रोकने में विभाग पूरी तरह विफल नजर आ रहा है।

वन्य जीव प्रेमियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो वे श्रीगंगानगर जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी उठाई जा रही है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में दोषियों पर कार्रवाई होती है या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह दबा दिया जाएगा।

### श्रीगंगानगर पुलिस अधीक्षक का कार्यालयों का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को लेकर दिए सख्त निर्देश

**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर ( संजय बिश्नोई)।** हरी शंकर, पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर ने आज जिला पुलिस कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस उपाधीक्षक (वृत शहर) कार्यालय एवं अन्य शाखाओं में पहुंचकर कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय स्टाफ से दैनिक कार्यों, लंबित प्रकरणों एवं रिकॉर्ड संधारण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को कार्य में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निपटाने पर जोर दिया। इस मौके पर रघुवीर प्रसाद (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) एवं सुनील कुमार (अपराध सहायक) भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कार्यालयों में अनुशासन, स्वच्छता और रिकॉर्ड व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा समय-समय पर इस तरह के निरीक्षण जारी रहेंगे।

---

## शहर के विकास में आईटीसी का योगदान महत्वपूर्ण, निगम व आईटीसी का डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन मॉडल अन्य निगमों के लिए अनुकरणीय

चमकता राजस्थान

**अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** आईटीसी के बहुउद्देषीय सभागार में आज नगर निगम के सहयोग से आईटीसी जनप्रभाव उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। नगरायुक्त षिपू गिरि ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का षुभारंभ करते हुए कहा कि सहारनपुर और आईटीसी का सम्बंध काफी पुराना रहा है। षहर के विकास के लिए आईटीसी ने काफी योगदान दिया है।

नगरायुक्त ने कहा कि आईटीसी द्वारा नगर निगम के साथ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्षन का जो मॉडल विकसित किया गया है, वह अनेक निगमों के लिए अनुकरणीय है और उसकी प्रदेष व राश्ट्रीय स्तर पर चर्चा की जाती है। उन्होंने कहा कि गत वर्श स्वच्छता सर्वेक्षण में सहारनपुर का जो अच्छा प्रदर्षन रहा है उसमें आईटीसी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने आषा व्यक्त की कि आगामी अप्रैल माह में स्वच्छता सर्वेक्षण में भी आईटीसी का इसी प्रकार सक्रिय सहयोग रहेगा।




समारोह में आईटीसी ने अपने सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों को आकर्शक स्टॉल के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसमें उन्नत खेती के माध्यम से स्मार्ट विलेज, मातृ एवं षिषु स्वास्थय परीक्षण, स्किल डवलपमेंट, व उन बच्चों को पुनः षिक्षा से जोड़ना जिन्होंने किसी कारण स्कूल जाना छोड़ दिया है, आदि का प्रदर्षन किया गया। साथ ही लोगों को नवाचार, आजीविका, स्वच्छता, पर्यावरण एवं सामुदायिक विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी।

आईटीसी के मानव संसाधन प्रमुख वी. त्रिनाथ व गिरिराज षाह ने कहा कि यह आयोजन न केवल आईटीसी के सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के प्रति समर्पण को दर्षाता है अपितु समाज में सकारात्मक बदलाव और जनजागरुकता लाने की दिषा में एक प्रेरणादायक पहल भी साबित हुआ है। कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा व सीएमओ डॉ प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे। संचालन मयंक पाण्डेय ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भादू जी की पुण्यतिथि भादू परिवार खाटा द्वारा गरीब बच्चों को स्टेशनरी,फ्रूट एंव पेड़ लगाकर मनाई



**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर ( संजय बिश्नोई)।** गांव खाटा के बलवंत राम जी भादू की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पूरे परिवार द्वारा पिलीबं×गा तहसील के गांव 26 पीबीएन में पुनम फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आर्थिक हालत से गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क धन्वंतरि की पाठशाला में पहुंच कर 50 बच्चों को स्टेशनरी सेट वितरित किये जिसमें प्रत्येक बच्चे को 4 कॉपी दो पेंसिल शॉपनर रबड़ ओर पेन दिए ओर सभी बच्चों को फल वितरित किये एंव परिवार द्वारा 5 पेड़ लगाए गए। इस मौके पर उनके सुपुत्र महेंद्र भादू विरेन्द्र भादू ने बताया कि उनके पिताजी की हमेशा से ही पेड़ो में रुचि रही थी और सामाजिक कामो में भी अग्रणी रहते थे खाटा गांव में उनके द्वारा लगाया गया एक विशाल पीपल का पेड़ आज भी मौजूद ह जिसके नीचे सेकंडों लोग बैठते है जो उनकी जीवित निशानी है उनके नक्शे कदम पर चलते हुए इनके बेटे विरेंद्र भादू द्वारा तकरीबन 200 से ज्यादा पेड़ आज सरकारी स्कूल और अन्य गुवाड़ में लगाये थे जो बड़े पेड़ बन रहे है जो स्वस्थ है। आज इस मौके पर पाठशाला में गांव खाटा रायसिंहनगर से उनके परिवार से बड़ी बहन शांति देवी बेनीवाल, कमला देवी बेनीवाल बेटे महेंद्र कुमार विरेन्द्र कुमार बेटी ममता देवी झोरड़ पुत्रवधु सीमा देवी प्रियंका देवी पौत्र धर्मवीर जिया मौजूद रहे और पूनम फाऊंडेशन से संस्थापक रामकरण प्रजापति जी ने बताया कि पाठशाला में 52 बच्चों का नामांकन है ओर भादू परिवार की इस कार्यक्रम के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया ओर कहा कि निःशुल्क शिक्षा अभियान में इनका सहयोग याद रहेगा और भादू परिवार ने आगे भी सहयोग का भरोसा दिलाया। पुनम फाऊंडेशन द्वारा परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ईस मौके पर पाठशाला से अध्यापिका निशा, धन्वंतरि ग्रामीण देवीलाल प्रजापत राकेश प्रकाश सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थे।

### चांदपुर गांव में मां बैठक का आयोजन, महिलाओं को दी गई स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी



**चमकता राजस्थान/अनिल शेखर। धौलपुर ब्लॉक।** के चांदपुर गांव स्थित नंद घर आंगनवाड़ी केंद्र पर महिला एवं बाल विकास विभाग, वेदांता समूह एवं जेस्साई आर एंड टी इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मां बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

बैठक के दौरान बालवर्धन प्रोजेक्ट की धौलपुर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रीति चौधरी ने उपस्थित महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों के सेवन, समय पर टीकाकरण तथा प्रसव पूर्व एवं पश्चात देखभाल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मां और शिशु के अच्छे स्वास्थ्य के लिए सही पोषण और नियमित देखभाल अत्यंत आवश्यक है।

साथ ही महिलाओं को स्तनपान के महत्व, शिशु देखभाल, पूरक आहार, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, कुपोषण को दूर करना तथा समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरला देवी, बालवर्धन प्रोजेक्ट से फील्ड कोऑर्डिनेटर स्वाति दिवाकर, आशा सहयोगिनी एवं अन्य समुदाय सदस्य भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

महिलाओं ने बैठक को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की

### कार्यकाल के अंतिम दिन अधिशाषी अधिकारी ने शहर को सुंदर सर्किल की सौगात देकर विकास की मिसाल पेश की



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण/बाड़ी उपखंड की खबर।** जिला कलेक्टर श्री निधि बी.टी. एवं उपखंड अधिकारी व प्रशासक भगवत शरण त्यागी के निर्देशन में अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन भी जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए शहर को एक महत्वपूर्ण सौगात दी। उन्होंने महाराज बाग पुलिस चौकी के सामने एक सुंदर एवं सुव्यवस्थित सर्किल का निर्माण कार्य पूर्ण कर उसे आमजन को समर्पित किया। इस सर्किल के निर्माण के साथ ही वहां रैलिंग एवं लेवलिंग का कार्य भी व्यवस्थित रूप से कराया गया है, जिससे न केवल क्षेत्र की सुंदरता में वृद्धि हुई है, बल्कि यातायात व्यवस्था भी पहले की अपेक्षा अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगी। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।अधिशाषी अधिकारी द्वारा अपने कार्यकाल के अंतिम दिन भी विकास कार्यों को प्राथमिकता देना उनकी कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह सर्किल आने वाले समय में शहर के सौंदर्यीकरण के साथ- साथ यातायात प्रबंधन में भी अहम भूमिका निभाएगा।

# जूनीधाम खेतलाजी को चढ़ाया छप्पन भोग, पैदल जातरुओं का उमड़ा सैलाब

चमकता राजस्थान



**देसूरी।** सोनाणा स्थित जूनीधाम खेतलाजी मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय भव्य मेले के दूसरे दिन बुधवार को प्रातः खेतलाजी को छप्पन भोग अर्पित किया गया। विशेष पूजा-अर्चना के साथ पूरा मेला परिसर जयकारों से गूंज उठा और भक्तिमय वातावरण बना रहा। मेले में शामिल होने के लिए चारों दिशाओं से सड़कों पर पैदल जातरुओं का रैला उमड़ पड़ा। इन श्रद्धालुओं का ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। मेला लाभार्थी वीणा बाई रमण लाल जी लुंकड़, पूना, आयोजन की कमान संभाल रहे जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रकाश वन गोस्वामी, सचिव संदीपसिंह चारण, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह राजपुरोहित, भामाशाह रमेश बाबूलाल जी ओसवाल तथा सरपंच प्रतिनिधि रमेश जणवा व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर रहे हैं।

तीन दिवसीय मेले के तहत बुधवार सुबह 10 बजे श्री खेतलाजी को 56 भोग अर्पित किया गया। इसके साथ ही फले चुंदड़ी का आयोजन हुआ तथा रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया। 19 मार्च को मेले के समापन अवसर पर सुबह ध्वजा एवं वरघोड़ा निकाला जाएगा।

भव्य भक्ति संध्या में राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक आशा वैष्णव, महेंद्र सिंह राठौड़ और लेहरूदास वैष्णव की प्रस्तुतियां हैं। वहीं, दीपिका राव और टीना प्रजापत द्वारा नृत्य प्रस्तुतियां हैं।

ट्रस्ट की ओर से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क चल रही हैं।

मेले की सफलता के लिए जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रकाश वन गोस्वामी, सचिव संदीपसिंह चारण, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह राजपुरोहित, उपाध्यक्ष लक्ष्मण मेघवाल, सहकोषाध्यक्ष मांगीलाल देवासी, सह सचिव भूपेंद्रसिंह राजपुरोहित, सदस्य डूंगाराम चौधरी, अभिषेक राजपुरोहित, मोतीसिंह राजपुरोहित, नारायणसिंह राजपुरोहित, नारायणसिंह चारण, तेजवन गोस्वामी, खरताराम चौधरी, नेमाराम चौधरी, वक्ताराम चौधरी, अमृत लोहार, मदनलाल लोहार, गोविंद कुमार मेघवाल, झालाराम देवासी, रूपाराम देवासी, नरेश प्रजापत, खीमाराम मेघवाल, कपूराराम मेघवाल, वेलाराम मेघवाल, मांगीलाल हीरागर, रिडमल सिंह चारण सहित नियंत्रण कमेटी के मोहनसिंह राजपुरोहित, फूआराम राईका, ओगडराम देवासी व सोहनलाल लोहार सक्रिय रूप से जुटे रहे।

## त्योहारों को लेकर थाना बाड़ी में शांति समिति एवं सीएलजी सदस्यों की संयुक्त बैठक आयोजित

चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड की खबर।** थाना बाड़ी में आज जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान, जिला धौलपुर के निर्देशानुसार सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी सदस्य, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक एवं शांति समिति सदस्यों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व उपाधीक्षक मीणा , वृत्त बाड़ी एवं थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में आगामी नवरात्रि स्थापना, रामनवमी एवं ईद जैसे प्रमुख त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए, कस्बे में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित सदस्यों से सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने की अपील की, ताकि त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें।इस दौरान आमजन एवं कम्युनिटी पुलिसिंग से जुड़े सदस्यों से पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए गए। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिन पर पुलिस प्रशासन द्वारा अमल करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सभी नागरिकों के सहयोग से ही क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना संभव है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

आओ बच्चों तुम्हें दिखाएँ झांकी सीताराम की,
इस मिट्टी को तिलक करो ये धरती है भगवान की।
नव वर्ष की पहली किरण जब नभ में मुस्काती है,
भारत माँ की पावन धरती फिर से गीत सुनाती है।
कलियों में फिर रंग भरें, हर मन में उमंग जागे,
धर्म, कर्म और सत्य की फिर ज्योति नई सी लागे।
संस्कारों की इस धरा पर ऋषियों की पहचान है,
हर कोने में गूँज रहा वेदों का मधुर गान है।
राम-कृष्ण की लीला गाथा हर दिल में बस जाती है,
सत्य और मर्यादा की राह हमें दिखलाती है।
नव संवत्सर आया लेकर खुशियों का उपहार है,
हर दिल में विश्वास जगे, हर घर में सत्कार है।
मिल-जुलकर हम आगे बढ़ें, प्रेम का दीप जलाएँ,
भारत की इस पावन माटी का गौरव फिर बढ़ाएँ।
आओ बच्चों तुम्हें दिखाएँ झांकी सीताराम की,
इस मिट्टी को तिलक करो ये धरती है भगवान की..

**राजेश मंगलुनिया**

9462421909

## जोधपुर सर्व समाज की और से मंगलवार को नवी चौपासनी रोड स्थित (एनजीओ) सर्व जनहित एवं विकास सेवा संस्थान के प्रधान कार्यालय मे अध्यक्ष डॉ विष्णु सरगरा का भव्य स्वागत किया गया

चमकता राजस्थान



**मनीष मेहता/जोधपुर।** यह स्वागत उनके द्वारा क्षेत्र वासियों के लिए जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर विधायक अतुल भंसाली के विधायक कोष से उनकी अनुशंसा पर 3 लाख 50 हजार रुपए की लागत से पक्षियों के चुगा दाना डालने हेतु आधुनिक ₹महादानी-दानवीर राजा बलि चबूतरे₹ के निर्माण की सौगात देने के लिए किया गया।

इस मौके पर डॉ सरगरा ने कहा की इस चबूतरे पर पक्षियों के लिए पानी और दाने की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पक्षियों को भीषण गर्मी में दाना-पानी उपलब्ध कराना और मूक जीवों की सेवा करना हमारे संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। पक्षियों को इस सुरक्षित स्थान पर साफ दाना और पानी मिलता रहैगा। कबूतरों और अन्य पक्षियों को दाना खिलाना पुण्य का काम है, जो सुख और शांति लाता है। यह पहल पारिस्थितिकी तंत्र (Ecosystem) को संतुलित बनाए रखने में मदद करेगा तथा न केवल पक्षियों के लिए भोजन का केंद्र बनेगा, बल्कि स्थानीय निवासियों के लिए सेवा और करुणा का प्रतीक भी होगा।

इस दौरान संस्थान के कोर कमेटी कार्यकारी सदस्य मंजू मेवाडा, पिंटू सोढा, जनरल सदस्य युगल आसेरी, नवल किशोर गर्ग, चतराराम मोल, संजू राठी, कैलाश भाटी, वरणसिह, सुभाष, ज्वाला सिंह, रामबाबू, अरमान, शिवम, सुरज, राधे, कालुडा व जितेन्द्र बारूपाल आदि मौजूद रहे।

## गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच के लिए आयोजित किया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस

- निशुल्क वितरित किए सोनोग्राफी वाउचर



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जाचं के लिए जिले में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। इस दिन जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी एवं जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई और जीवनरक्षक टीके भी लगाए गयें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर के गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जाँच सेवायें उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान संचालित किया जा रहा है। भारत सरकार से निर्देशानुसार अब 9 तारीख के अतिरिक्त 18 और 27 को भी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आयोजित किया जाता है। अभियान के तहत सामान्य जांचों के साथ-साथ हाईरिस्क प्रेगनेन्सी को चिन्हित कर आवश्यक उपचार एवं सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह की 9, 18 और 27 तारीख को जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल सहित सीएचसी व पीएचसी तक के सभी चिकित्सा केंद्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आयोजित किया जा रहा है। उक्त दिनांको को राजकीय अवकाश होने पर अगले दिन आयोजित किया जाता है। चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की गई। वहीं गर्भवती महिला के शरीर में कैल्शियम व खून की कमी नहीं आए, इसके लिए आईएफए कैल्शियम और अन्य आवश्यक दवाइयां दी गई। खून कि कमी से ग्रसित गर्भवतियों को एफ सी एम इंजेक्शन लगाया गया। इसके साथ ही निशुल्क सोनोग्राफी हेतु गर्भवतियों को माँ वाउचर योजना के अंतर्गत वाउचर भी वितरित किये गये।

## गोलीबारी से दहला चंडीगढ़, प्रॉपर्टी डीलर पर हमलावरों ने की सरेआम फायरिंग, 12 गोलियां मारकर हत्या

**चंडीगढ़/एजेंसी।**

चंडीगढ़ के सेक्टर-9 में बुधवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब अज्ञात हमलावरों ने दिनदहाड़े एक प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग कर हत्या कर दी। वारदात उस समय हुई जब युवक जिम से निकलकर अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठ रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावरों ने करीब 12 राउंड फायर किए। कई गोलियां लगने के बाद युवक ड्राइविंग सीट पर ही गिर पड़ा। घटना के तुरंत बाद उसके साथी उसे दूसरी गाड़ी में डालकर पीजीआई ले जाने के लिए रवाना हुए, लेकिन अधिक खून बह जाने के कारण रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 31 वर्षीय चरणप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो मुल्लांपुर के गांव कुब्बाहेड़ी का निवासी था। शुरुआती जानकारी के अनुसार, उसे पेट, छाती और बाजू में गोलियां लगीं, जिससे उसकी हालत बेहद गंभीर हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूरे इलाके को घेर लिया। घटनास्थल से 12 खाली कारतूस बरामद किए गए हैं। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। खास बात यह है कि जहां यह वारदात हुई, वहां से चंडीगढ़ प्रशासन और एसएसपी कार्यालय महज कुछ मिनट की दूरी पर स्थित हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, मृतक को पहले भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी थीं। उसने इस संबंध में पुलिस को शिकायत भी दी थी, लेकिन उसे सुरक्षा मुहैया नहीं करवाई गई। बताया जा रहा है कि उसका हथियार लाइसेंस भी लंबित था। मौके पर पहुंचे एक स्थानीय नेता ने बताया कि चरणप्रीत अविवाहित था और पिछले कुछ समय से रियल एस्टेट के कारोबार में सक्रिय था। करीब डेढ़ साल पहले ही उसने अपना ऑफिस शुरू किया था। फिलहाल पुलिस हमलावरों की पहचान और उनके मकसद का पता लगाने में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों तक जल्द पहुंचा जा सके।

**2,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स के साथ वित्त वर्ष 27 में 15% बढ़त का लक्ष्य**

## गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एनर्जी सॉल्यूशंस बिजनेस में भारी उछाल

चमकता राजस्थान

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एनर्जी सॉल्यूशंस बिजनेस ने वित्त वर्ष 2026 के अंत तक 2,600 करोड़ की एक मजबूत प्रोजेक्ट पाइपलाइन तैयार की है। इसमें बिजली ट्रांसमिशन, रेलवे विद्युतीकरण और रिन्यूएबल एनर्जी (नवीकरणीय ऊर्जा) से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। पावर इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वच्छ ऊर्जा में बढ़ते निवेश की मदद से, कंपनी को वित्त वर्ष 2027 तक लगभग 15% की वृद्धि की उम्मीद है। यह वृद्धि ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रिड मॉडर्नाइजेशन और विद्युतीकरण परियोजनाओं की बढ़ती मांग को दर्शाती है, जो भारत सरकार के देश के पावर सिस्टम को मजबूत करने और बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के प्रयासों के अनुरूप है।

इस वृद्धि पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एनर्जी सॉल्यूशंस बिजनेस के बिजनेस हेड श्री राघवेंद्र मिर्जी ने कहा, ''भारत का अपने पावर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ने पर फोकस, ऊर्जा क्षेत्र में बड़े अवसर पैदा कर रहा है। हमारी मजबूत ऑर्डर बुक ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे विद्युतीकरण और रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशंस की बढ़ती मांग को दर्शाता है। हम गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों में, जहां रिन्यूएबल क्षमता तेजी से बढ़ रही है, अपनी मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। साथ ही महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में भी, जहां औद्योगिक और शहरी मांग बढ़ रही है, ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रिड मॉडर्नाइजेशन में निवेश बढ़ रहा है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप में हम भविष्य के लिए तैयार, एकीकृत इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो देश की बदलती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करे।''

पिछले एक साल में कंपनी ने देशभर में कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पूरे किए हैं, जिससे ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे विद्युतीकरण और डिस्ट्रीब्यूटेड सोलर सॉल्यूशंस में उसकी क्षमता मजबूत हुई है। इनमें गुजरात में 765'श अक्र के 25 यूनिट और ऋक्र बे, विभिन्न क्षेत्रों में 54 यूनिट के 400'श और उससे नीचे के अक्र/ऋक्र बे, तथा सिक्किम में 220/132'श अक्र सबस्टेशन का कमीशनिंग शामिल है। रेलवे सेक्टर में कंपनी ने तीन रेलवे ट्रैक्शन सबस्टेशन भी स्थापित किए, जिससे रेलवे नेटवर्क के विद्युतीकरण को बढ़ावा मिला।

कंपनी ने अपने रिन्यूएबल कारोबार को भी बढ़ाया है। इसके तहत जयपुर में 6.5 टह्स्र का रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट लगाया गया, जो दिखाता है कि अब कमर्शियल और इंडस्ट्रियल ग्राहक तेजी से सोलर एनर्जी अपना रहे हैं। इस बढ़त को भारत सरकार के पावर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और साफ ऊर्जा को बढ़ावा देने पर लगातार जोर से भी समर्थन मिल रहा है, जैसा कि यूनियन बजट 2026-27 में देखा गया है।


इन क्षेत्रों में ट्रांसमिशन, सबस्टेशन और रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स की बढ़ती पाइपलाइन के साथ, गोदरेज का एनर्जी सॉल्यूशंस बिजनेस भारत के ऊर्जा परिवर्तन के अगले चरण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है, साथ ही यूटिलिटी और औद्योगिक ग्राहकों को भरोसेमंद इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेगा।

न्यूज़ अपडेट

## युद्ध के बीच दुश्मन पर फिदा हुए ट्रंप

- बोले- शतरंज की बिसात पर ईरान के 'धुरंधरों' से खेल रहा हूं

**वाशिंगटन।** ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल युद्ध का आज 18वां दिन है। यह युद्ध दिनों-दिन भीषण होता जा रहा है। लेकिन कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की जमकर तारीफ की है।



उन्होंने ईरान के साथ जारी युद्ध की तुलना शतरंज के एक बड़े मैच से ही की है। उनका कहना है कि उनका मुकाबला दुनिया के बहुत अधिक आईक्यू वाले लोगों से है। डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को ''इट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईरान के एक सैन्य कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी की जमकर तारीफ की। उन्होंने सुलेमानी को बेहतरीन जनरल बताया। अमेरिका ने जनवरी 2020 में ईराक में ड्रोन से हमला कर सुलेमानी की हत्या कर दी थी. ट्रंप का कहना था कि उसी दिन से ईरान का पतन शुरू हो गया था। डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के ऑफिस ''इट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे. इस दौरान उनसे पूछा गया कि क्या ईरान के साथ युद्ध जल्द ही खत्म होने जा रहा है। इस सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा, हां, यह जल्द ही खत्म हो जाएगा। इसके बाद हमारी दुनिया कहीं अधिक सुरक्षित होगी। यह करना मेरा कर्तव्य था। ट्रंप ने कहा कि यह एक बहुत ऊंचे दर्जे का शतरंज है। इसमें उनका मुकाबला बहुत ही स्मार्ट खिलाड़ियों से है।वो बहुत ही स्मार्ट लोग हैं।उन्होंने कहा कि आप बहुत अधिक बौद्धिक क्षमता और बहुत अधिक आईक्यू वाले लोगों से डील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं, जब आप इनमें से कुछ लोगों से निपटते हैं, तो आप बहुत बुद्धिमान, बहुत अधिक आईक्यू वाले लोगों से निपट रहे होते हैं। ये वास्तव में बुद्धिमान लोग हैं, लेकिन हिंसक और दुष्ट भी हैं। कुछ बहुत अच्छे लोग हैं और कुछ बहुत अच्छे हैं, लेकिन हिंसक हो जाते हैं।लेकिन आप जानते हैं, अगर मैंने वह नहीं किया होता जो मैंने किया, तो हम बुरी तरह प्रभावित हुए होते।

## राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस से 'धोखे' की विधायकों को मिली सजा

- 3 विधायक निलंबित, हाईकोर्ट भी जा सकती है पार्टी



**नयी दिल्ली।** ओडिशा में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के चलते हारने वाली कांग्रेस ने अब बागी विधायकों के खिलाफ कड़ा कदम उठाना शुरू कर दिया है। पार्टी ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप रे के पक्ष में वोट देने वाले तीन विधायकों को निलंबित कर दिया है। निलंबित विधायकों में शामिल हैं, सनाखेमुंडी से रमेश चंद्र जेना, मोहाना से दसरथी गोमांगो, कटक से सोफिया फिरदौस। इन विधायकों ने सोमवार को हुए राज्यसभा चुनाव में पार्टी की हिदायत के बावजूद दिलीप रे के पक्ष में वोट दिया। ओडिशा कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'कांग्रेस को धोखा देने वालों ने देश के साथ विश्वासघात किया है। ओडिशा कांग्रेस के मीडिया सेल प्रभारी अरबिंद दास ने बताया कि यह निर्णय पूरी प्रक्रिया की समीक्षा के बाद लिया गया. उन्होंने कहा कि इन विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के हितों के खिलाफ काम किया और अब उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म कराई जाएगी. इसके लिए पार्टी स्पीकर को जल्द ही नोटिस भेजेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि इन विधायकों ने पार्टी के साथ गद्दारी की है। उन्होंने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत इन लोगों को विधानसभा से बाहर किया जाएगा।पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हाईकमान ने इस कदम की सराहना की है और यह जरूरी भी था।

- **हरियाणा में कांग्रेस की मुश्किल जीत**

हरियाणा में कांग्रेस के उम्मीदवार कर्मवीर सिंह बौद्ध को जीत मिली, लेकिन पार्टी की रणनीति कमजोर पड़ती नजर आई। यहां 5 विधायकों ने पार्टी से अलग रुख अपनाया और क्रॉस वोटिंग की। इसके अलावा 4 वोट अवैध करार दिए गए। 37 सीटों वाली कांग्रेस के उम्मीदवार को महज 28 वोट मिले। पार्टी अब पड़ताल कर रही है कि हरियाणा और बिहार में किन नेताओं ने उसके उम्मीदवार को वोट नहीं दिया।

## आपके आभामंडल में 'अद्भुत पितृवत स्नेहपरिवार सहित पीएम मोदी से मिलकर बोले वरुण गांधी



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद वरुण गांधी ने परिवार सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मीटिंग के दौरान उनकी पत्नी और बेटी भी मौजूद रहीं। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब पांच राज्यों में चुनावी माहौल गर्म है और राजनीतिक हलकों में इसके व्यापक संकेत तलाशे जा रहे हैं। वरुण गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि उन्हें परिवार सहित प्रधानमंत्री का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। अपने पोस्ट में उन्होंने पीएम मोदी के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व में 'पितृवत स्नेह और संरक्षण का भाव' महसूस होता है और यह मुलाकात इस विश्वास को मजबूत करती है कि 'वे देश और देशवासियों के सच्चे अभिभावक हैं।' तस्वीर और मुलाकात सामने आने के बाद राजनीतिक अटकलें तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि अगले वर्ष यूपी विधानसभा चुनाव से पहले वरुण गांधी किसी भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। कई विश्लेषक इसे भाजपा और गांधी परिवार (मेनकाझवरुण) के बीच जमी बर्फ पिघलने के संकेत के रूप में देख रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले वरुण गांधी कई मौकों पर बीजेपी और केंद्र सरकार की कठोर आलोचना कर चुके हैं। किसान आंदोलन से लेकर बेरोजगारी तक के मुद्दों पर वे खुले रूप से अपनी ही पार्टी पर सवाल उठाते रहे. 2024 में पार्टी ने उन्हें पीलीभीत से टिकट नहीं दिया, जबकि उनकी मां मेनका गांधी को सुल्तानपुर से टिकट मिला। सुल्तानपुर में चुनाव प्रचार के दौरान भी वरुण ने मंच पर बीजेपी का पटका या झंडा इस्तेमाल नहीं किया, जिसे उनकी नाराजगी का सार्वजनिक संकेत माना गया।

# जिस नाटो पर अमेरिका को था नाज, उसी ने दिया धोखा

## अब ब्रिक्स रुकवाएगा युद्ध, भारत बनेगा अगुवा?

**नयी दिल्ली।**



जुलाई, 2025 की बात है, अमेरिका की अगुवाई वाले उत्तर अटलांटिक देशों के संगठन के महासचिव मार्क रूटे ने भारत, चीन और ब्राजील समेत वैश्विक ताकतों को एक कड़ी चेतावनी दी थी। रूटे ने तब कहा था कि अगर आप रूस से तेल और गैस की खरीदते रहे तो आप पर 100 फीसदी एक और टैरिफ लगाया जा सकता है। उन्होंने संकेतों में ही भारत समेत कई देशों को यह भी चेतावनी दी थी कि अगर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शांति वार्ता को ठुकराते हैं तो रूस को सपोर्ट करने वालों को बुरे अंजाम भुगतने होंगे। अब यह सीन बदल चुका है। अमेरिका को गुहार लगाने के बाद भी इसी नाटो देशों से ईरान युद्ध को लेकर कोई खास मदद नहीं मिली है। वहीं, भारत की अगुवाई वाला ब्रिक्स अब बातचीत की टेबल सजा सकता है। साथ ही, भारत होर्मुज स्ट्रेट से ऑयल सप्लाई ठप पड़ने से परेशान अमेरिका और ईरान के बीच सम्मानजनक सीजफायर करा सकता है। इस बीच, फिनलैंड के राष्ट्रपति ने भी भारत से सीजफायर कराने की अपील की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो देशों से होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए मदद मांगी, मगर नाटो देशों ने सीधे इनकार कर दिया। इस 'धोखे' से भड़के ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका को किसी की जरूरत नहीं है।

इससे पहले जर्मनी, स्पेन और ब्रिटेन भी अपना युद्धपोत भेजे जाने से इनकार कर दिया था। वहीं, अमेरिका के प्रशांत महासागर में बेहद करीबी दोस्तों ऑस्ट्रेलिया और जापान ने भी होर्मुज में किसी तरह की नौसैनिक तैनाती से इनकार किया है। अमेरिका ने यहां तक कि अपने प्रतिद्वंद्वी चीन से भी होर्मुज खोलने के लिए मदद मांगी थी।

वहीं, यूरोपीय देशों के नेताओं ने युद्ध तेज करने की जगह कूटनीति का सहारा लेने की बात कही है। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा है कि होर्मुज की चिंता को देखते हुए मैं कूटनीति में यकीन रखता हूं। उन्होंने साफ कहा कि इटली का इस युद्ध में शामिल होने का कोई प्लान नहीं है।

# पाकिस्तान द्वारा काबुल पर हमला अमानवीय और निंदनीय

**नयी दिल्ली।**

पाकिस्तान द्वारा काबुल में कथित हवाई हमले में बड़ी संख्या में लोगों की मौत के बाद भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस घटना को लेकर सख्त बयान जारी करते हुए इसे अमानवीय और निंदनीय बताया है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

- **भारत ने हमले की कड़ी निंदा की**

भारतीय विदेश मंत्रालय ने काबुल स्थित ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट अस्पताल पर हुए हवाई हमले की कड़ी निंदा की है। मंत्रालय के अनुसार, 16 मार्च की रात किया गया यह हमला बर्बर, कायरतापूर्ण और अमानवीय है, जिसमें बड़ी संख्या में निर्दोष नागरिकों की जान गई।

- **अस्पताल को बताया गया गैर-सैन्य लक्ष्य**

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि यह अस्पताल एक ऐसा संस्थान था, जिसे किसी भी स्थिति में सैन्य लक्ष्य नहीं माना जा सकता।लसाथ ही आरोप लगाया कि पाकिस्तान इस घटना को सैन्य कार्रवाई बताने की कोशिश कर रहा है।



- **अफगानिस्तान की संप्रभुता पर हमला**

मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान की यह कार्रवाई अफगानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला है और यह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है. यह कदम पाकिस्तान के लापरवाह रवैये को भी दर्शाता है।

- **पुरानी प्रवृत्ति का आरोप**

भारत ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान अपनी आंतरिक समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए सीमा पार हिंसा का सहारा लेता रहा है और यह घटना उसी प्रवृत्ति का हिस्सा है।

- **रमजान में हमले को बताया और भी निंदनीय**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में इस तरह का हमला इसे और भी ज्यादा निंदनीय बनाता है. यह समय शांति, आत्ममंथन और दया का होता है, ऐसे में अस्पताल और मरीजों को निशाना बनाना किसी भी धर्म या कानून के तहत उचित नहीं है।

- **अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की मांग**

भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस घटना के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने और अफगानिस्तान में नागरिकों को निशाना बनाने की घटनाओं को तुरंत रोकने की मांग की है।

- **पीड़ितों के प्रति संवेदना**

विदेश मंत्रालय ने हमले में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है. साथ ही भारत ने इस कठिन समय में अफगानिस्तान के लोगों के साथ एकजुटता जताते हुए उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपना समर्थन दोहराया है।

# केसी त्यागी ने जदयू से दिया इस्तीफा, भविष्य का प्लान भी बताया

**नयी दिल्ली।**

पिछले कुछ दिनों से अपनी ही पार्टी के खिलाफ बोल कर चर्चा में रहने वाले केसी त्यागी ने जनता दल यूनाइटेड से इस्तीफा दे दिया है। केसी त्यागी ने अपना इस्तीफा पत्र सोशल मीडिया पर शेयर कर साफ किया है कि वो जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं और आगे सदस्यता नहीं लेंगे। जदयू को भेजे गए इस्तीफे में केसी त्यागी ने अपने भविष्य का प्लान भी बताया है। केसी त्यागी ने लिखा है कि 22 मार्च को वो अपने समर्थकों के साथ बैठक करेंगे। केसी त्यागी ने लिखा, '30 अक्तूबर, 2003 को जदयू अस्तित्व में आया और समता पार्टी तथा जनता दल का विलय हुआ। उस वक्त जॉर्ज फर्नांडिस ने अध्यक्ष और मैंने महासचिव के तौर पर एक साथ काम किया। मैंने शरद यादव और नीतीश कुमार की अध्यक्षता में भी काम किया। मैं पार्टी का मुख्य प्रवक्ता और राजनीतिक सलाहकार भी रहा। अब पार्टी का सदस्यता अभियान खत्म हो गया है और मैंने दोबारा पार्टी की सदस्यता नहीं ली है। नीतीश कुमार के प्रति मेरा सम्मान कभी नहीं बदलेगा।' केसी त्यागी ने आगे लिखा, 'मेरे कुछ राजनीतिक साथी, समर्थक और वर्करों ने 22 मार्च को एक बैठक आयोजित की है। इस बैठक में देश के राजनीतिक हालात पर चर्चा होगी। मैं जल्द ही आगे की रणनीति पर फैसला लूंगा। बता दें कि केसी त्यागी मूल रूप से उत्तर प्रदेश से आते हैं। पश्चिमी यूपी में उनके काफी समर्थक भी हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि केसी त्यागी अब उत्तर प्रदेश की राजनीति का रूख भी कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि केसी त्यागी की इच्छा अब यूपी की राजनीति करने की है। केसी त्यागी की गिनती जदयू के पुराने और दिग्गज नेताओं के तौर पर होती थी। केसी त्यागी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी भी माने जाते थे। वो जदयू के पक्ष में हर मंच पर मजबूती से अपनी बात भी रखते थे। इसी साल केसी त्यागी ने नीतीश कुमार को भारत रत्न दिए जाने की मांग भी उठाई थी और पीएम मोदी को खत लिखा था। हालांकि, लंबे समय से जदयू ने केसी त्यागी से दूरी बना रखी थी। इस मुद्दे पर भी जदयू ने खुद को उनसे अलग कर लिया था। केसी त्यागी ने आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ियों को हटाने के फैसला का विरोध किया था। इसके अलावा फिलिस्तीन के मुद्दे पर भी वो भारत सरकार के स्टैंड से अलग खड़े नजर आए थे। पिछले काफी समय से पार्टी केसी त्यागी को तवज्जो नहीं दे रही थी जिससे इस बात का इशारा मिल रहा था कि अब वो पार्टी में नहीं है। हालांकि, अब केसी त्यागी ने खुद जदयू से इस्तीफे का ऐलान किया है।



## रील तो बनी पर मौत की

- पिस्टल के साथ वीडियो बनाते हुए मारा गया दिल्ली का पवन

**नयी दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के दल्लूपुरा गांव में 16 मार्च को एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया। मोबाइल फोन में रील बनाने के दौरान लाइसेंसी पिस्टल से गोली चल गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को दोस्तों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक 28 वर्षीय पवन कुमार अपने परिवार के साथ दल्लूपुरा गांव में रहता था। पुलिस ने इस मामले में न्यू अशोक नगर थाने में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई के पास से 10 कारतूस और एक पिस्तौल बरामद की है। घटना का वीडियो मंगलवार सुबह से ही सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में एक युवक खुद को गोली मारता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च को वसुंधरा एंक्लेव स्थित एक निजी अस्पताल से पुलिस को गोली लगने से घायल युवक के भर्ती होने की सूचना मिली थी। न्यू अशोक नगर थाना पुलिस टीम तुरंत अस्पताल पहुंची, जहां पवन कुमार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू की। प्राथमिक जांच के दौरान पता चला कि घटना दल्लूपुरा गांव में हुई, जहां पवन अपने चचेरे भाई हिमांशु के साथ मौजूद था। दोनों मोबाइल में रील बना रहे थे इसी दौरान पवन ने हिमांशु की लाइसेंसी पिस्टल हाथ में ले ली। इस बीच वीडियो बनाते समय अचानक पिस्टल से गोली चल गई, जो सीधे पवन के सीने में जा लगी। घटना के बाद हिमांशु ने घायल पवन को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिस्टल के साथ 10 जिंदा कारतूस जब्त कर लिए। साथ ही हिमांशु का मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया गया है, जिसमें घटना का वीडियो रिकॉर्ड मिला है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह पूरी तरह हादसा था या इसके पीछे कोई अन्य कारण भी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सकेगी।



## शिव की स्थिरता से शक्ति के सामर्थ्य तक: अविनेश रेखी और श्रेणु पारिख ने साझा किया अपना सफर

**रांची :** सोनी सब का पौराणिक धारावाहिक गाथा शिव परिवार कीझ गणेश कार्तिकेय में अविनेश रेखी और श्रेणु पारिख के लिए शिव और पार्वती की भूमिका निभाना केवल परिधान, संवाद और दृश्यों तक सीमित नहीं रहा। समय के साथ इन किरदारों ने उनके जीवन, काम करने के तरीके और रिश्तों, धैर्य व आस्था को देखने के नजरिए को भी प्रभावित किया है। रोज़ाना सेट पर आध्यात्मिक कहानियों और शक्तिशाली क्षणों से घिरे रहना उनके लिए अभिनय से कहीं अधिक एक यात्रा जैसा रहा। भूमिका के असर पर बात करते हुए अविनेश रेखी ने कहा, ''शिव का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत स्थिर और ज़मीन से जुड़ा अनुभव रहा। यह ऐसा किरदार नहीं है,

# अब नहीं करना होगा इंतजार; मिलेगी अगले दिन डिलिवरी की गारंटी

## इंडिया पोस्ट ने शुरू की '24 स्पीड पोस्ट' सर्विस

**नयी दिल्ली।**

देश में डाक सर्विस को और तेज और भरोसेमंद बनाने के लिए इंडिया पोस्ट ने बड़ा कदम उठाया है। अब ग्राहकों को जरूरी पार्सल के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। विभाग ने अगले दिन डिलीवरी की गारंटी देने वाली नई सेवा शुरू कर दी है। इस नई सर्विस का शुभारंभ मंगलवार 17 मार्च को केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी ने नई दिल्ली के आकाशवाणी भवन स्थित रंगभवन ऑडिटोरियम में किया। इन सर्विस को खास तौर पर टाइम-सेंसिटिव डिलीवरी को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

- **क्या है नई '24 स्पीड पोस्ट' सेवा?**

इंडिया पोस्ट ने '24 स्पीड पोस्ट', '24 स्पीड पोस्ट पार्सल' और '48 स्पीड पोस्ट' जैसी नई सेवाएं शुरू की हैं.

'24 स्पीड पोस्ट': जरूरी कंसाइनमेंट के लिए अगले दिन (डी +1) डिलीवरी की गारंटी

- **'48 स्पीड पोस्ट': पार्सल दो दिन (डी +2) में डिलीवर**

पहले चरण में इन शहरों में शुरू

फिलहाल यह सेवा देश के 6 बड़े ाहरों में शुरू की गई है. सरकार का मानना है कि इससे एक्सप्रेस डिलीवरी सेगमेंट में इंडिया पोस्ट की पकड़ और मजबूत होगी।

बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता व मुंबई।

- **ग्राहकों को मिलेंगी ये सुविधाएं**

नई सेवा के साथ कई आधुनिक फीचर्स भी जोड़े गए हैं:-

एसएमएस के जरिए एंड-टू-एंड ट्रैकिंग अपडेट,

बल्क बुकिंग पर फ्री पिकअप सुविधा, डिलीवरी के लिए ओटीपी आधारित वेरिफिकेशन, बिजनेस यूजर्स के लिए एपीआई इंटीग्रेशन और सेंट्रलाइज्ड बिलिंग।

बाइ नाउ पे लैटर की सुविधा, तय समय पर डिलीवरी न होने पर मनी-बैक गारंटी, तेज और पारदर्शी डिलीवरी पर फोकस



# पहले मनाया मातम, फिर इजरायल पर टूट पड़ा ईरान, बरसा रहा है क्लस्टर बम

नयी दिल्ली/एजेंसी

ईरान और इजरायल के बीच चल रहा युद्ध अब 19वें दिन में पहुंच गया है और संकट और भी ज्यादा गहरा गया है. ईरान-अमेरिका युद्ध के 18वें दिन इजरायल ने तेहरान में जो कार्रवाई की, उसमें ईरान के दो सबसे वरिष्ठ लीडर भी मारे गए. ईरान के सुरक्षा प्रमुख और खामेनेई के करीबी अली लारिजानी और बसीज बलों के कमांडर गुलारजा सुलेमानी के इजरायली हवाई हमले में मारे जाने की खबरों के बाद पूरे तेहरान में एक बार फिर से मातम पसर गया. इसके जवाब में ईरान ने इजरायल की ओर क्लस्टर बम दागे और अपने लीडर्स का बदला लेने की कसम खाई है. इसके बाद इस युद्ध के और भी ज्यादा विध्वंसक होने की आशंका बढ़ गई है.

### ● अब तक युद्ध में क्या-क्या हुआ?

युद्ध के 19वें दिन सऊदी अरब में प्रिंस सुल्तान एयरबेस के पास एक बैलिस्टिक मिसाइल को इंटरसेप्ट किया. वहीं मंगलवार को दुबई और दोहा में कई धमाकों की खबरें आईं. उसी दिन बगदाद में अमेरिकी दूतावास को ड्रोन हमले का निशाना बनाया गया.


ईरान ने अपने नेताओं की हत्या के जवाब में इजरायल पर मल्टी वॉरहेड वाली मिसाइलें छोड़ी हैं. उसने इसे तेहरान पर हुए हमलों का जवाब कहा है.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो पर होर्मु खोलने में मदद न करने के लिए आलोचना की. हालांकि इस बीच तेल की कीमतों में 1% की गिरावट दर्ज की गई.

संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरवानी के मुताबिक अमेरिका-इजरायल हमलों में 1300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जिनमें शीर्ष ईरानी नेता भी शामिल हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि हमले आम नागरिकों और महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बनाकर किए गए. ल्फ्अठअ के मुताबिक, मरने वालों की संख्या 1858 तक हो सकती है.

इसके अलावा लेबनान में भी हालात खराब हैं, जहां हिज्बुल्लाह के हमलों के बाद इजरायली हमलों में अब तक 773 लोगों की मौत हो चुकी है.

मंगलवार को पहली बार रॉयटर्स के हवाले से खबर आई कि सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह का समझौता करने से इनकार कर दिया है. दो देश अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता कर रहे हैं, जिनके प्रस्ताव को मोजतबा ने ठुकराया है.



### ● ईरान ने मोसाद एजेंट को दी फांसी, पास कर रहा था संवेदनशील जानकारी

ईरान ने एक व्यक्ति को फांसी दे दी है, जिस पर इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने का आरोप था. यह जानकारी अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम न्यूज एजेंसी ने दी है. रिपोर्ट के अनुसार उस व्यक्ति ने देश के संवेदनशील इलाकों की तस्वीरें और जानकारी मोसाद को दी थी. कानूनी प्रक्रिया पूरी होने और सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बाद उसे सजा दी गई. बताया गया है कि उसे स्वीडन में ऑनलाइन भर्ती किया गया था. उसने एक ट्रैवल विज्ञापन लिंक पर अपनी जानकारी डाली थी, जिसके बाद एक फारसी बोलने वाले मोसाद अधिकारी ने उससे संपर्क किया.

### ● ईरान ने इजरायली एयरपोर्ट बेन गुरियन पर किया हमला

ईरान के बड़े नेताओं के मारे जाने के बाद ईरान गुस्से में है और इजरायल की राजधानी तेल अवीव पर बमों की बारिश कर दी. उसने रेलवे स्टेशन से लेकर एयरपोर्ट तक को निशाना बनाया. तेल अवीव में मौजूद बेन गुरियन एयरपोर्ट पर भी ईरानी मिसाइलें गिरीं. ये वही हवाई अड्डा है, जिसका इस्तेमाल वीवीआईपी मूवमेंट के लिए किया जाता है.

### कतर पर ईरानी हमले, मिसाइलें इंटरसेप्ट की गईं

कतर के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ईरान की ओर से उन पर हुए मिसाइल हमले को उनकी सेना ने हवा में ही रोक दिया. कतर की राजधानी दोहा में धमाकों की आवाजें सुनी गईं. मंत्रालय ने कहा कि यह मिसाइल हमला कतर को निशाना बनाकर किया गया था, लेकिन सशस्त्र बलों ने उसे समय रहते नाकाम कर दिया.

### ईरानी बमों ने तेल अवीव को दहलाया

तेल अवीव के सविधोर सेंट्रल ट्रेन स्टेशन पर ईरान के क्लस्टर म्यूनिशन हमले के बाद भारी तबाही की खबर है. रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हमले में स्टेशन के आसपास के इलाके को नुकसान पहुंचा और वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया. हालांकि हताहतों को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है.

### ईरान के बुशहर न्यूक्लियर प्लांट पर हमला

इंटरनेशनल एटॉमिक एजेंसी ने बताया कि ईरान के दक्षिण-पश्चिम में एक परमाणु केंद्र पर मिसाइल का हमला हुआ. एजेंसी के मुताबिक ये घटना मंगलवार शाम बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट में हुई. हालांकि इस हमले में न तो प्लांट को कोई नुकसान हुआ और न ही वहां काम कर रहे लोगों को चोट लगी. क्ब्अएअ के प्रमुख राफेल ग्रासी ने सभी पक्षों से अपील की है कि वे संयम बरतें, ताकि किसी भी तरह की परमाणु दुर्घटना का खतरा न बढ़े.

### दुबई पर ईरानी हमलों की लहर, बुलाई गई विदेश मंत्रालय की बैठक

ईरान ने दुबई पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, जिसे एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही रोक लिया. इस दौरान कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं. इसी बीच सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह बुधवार शाम अपनी राजधानी रियाद में अरब और इस्लामिक देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित करेगा. इस बैठक में क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की जाएगी.

### अली लारीजानी के साथ उनके बेटे की भी इजरायली हमले में मौत

ईरान के सरकारी टीवी और सुरक्षा परिषद के अनुसार अली लारीजानी की उनके बेटे मोर्तेजा और एक सहयोगी के साथ हत्या कर दी गई। वहीं बसीज प्रमुख गुलामरजा सुलेमानी पर भी हमला हुआ. ईरान के कई नेताओं ने इस हत्या की निंदा की है. विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि इससे सिस्टम पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि यह संस्थाओं पर आधारित है. अब सभी की नजर इस बात पर है कि लारिजानी की जगह कौन लेगा, क्या सईद जलीली या फिर नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई कोई नई नियुक्ति करेंगे.



# देवेगौड़ा जी ने मोहब्बत हमारे साथ की और शादी मोदी जी के साथ: खरगे

नयी दिल्ली/एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में भाषण दिया. राज्यसभा से रिटायर हो रहे सदस्यों को विदाई देने के मौके पर पीएम मोदी ने यह भाषण दिया. अपने भाषण में पीएम मोदी ने सदन से रिटायर हो रहे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा, शरद पवार, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, सदन के उपाध्यक्ष रहे हरिवंश की खूब तारीफ की. उन्होंने कहा कि राजनीति में फुल स्टॉप नहीं होता. ऐसे में कई सदस्य फिर सदस्य में लौटक र आएंगे. रिटायर हो रहे सासंदों में सभी योगदान शानदार रहा. पीएम ने कहा कि देवगौड़ा जी, खरगे जी, शरद पवार जी ऐसे लोग हैं जिनके जीवन की आधी उम्र संसदीय प्रणाली में बीती है. सभी सांसदों को इनसे सीखना चाहिए. समाज में नई जिम्मेदारी मिलेगी. पीएम ने कहा कि रिटायर हो रहे रामदास अठावले जी सदाबहार हैं. अठावले जी जा रहे हैं लेकिन कहीं न कहीं से अपने व्यंग्य परोसते रहेंगे.

इसके बाद सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने विदाई भाषण दिया. उन्होंने कहा कि रिटायर होने वाले कुछ साथ फिर वापस आएंगे कुछ नहीं आएंगे. उन्होंने कहा कि पब्लिक लाइफ में रहने वाले सदस्य कभी रिटायर और टायड नहीं होते. राज्यसभा के 37 सांसदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है. खरगे ने देवेगौड़ा की चर्चा करते हुए हल्के अंदाज में कटाक्ष भी किया. उन्होंने कहा कि वह 54 सालों से देवेगौड़ा को जानते है. पहले वह हमारे साथ ही थे. लेकिन बाद में पता नहीं कि क्या हुआ कि वे हमसे दूर हो गए. उन्होंने मोहब्बत हमसे की और शादी मोदी जी से की.



# जिंदा नहीं जलते 7 लोग, बच जाती सबकी जान... रात को ऐसा क्या हुआ कि दहल गया इंदौर?

इंदौर/एजेंसी

दहल उठा है. इंदौर की सुबह बहुत दर्दनाक रही. इंदौर के बंगाली चौराहे के पास एक कॉलोनी में उस वक्त चीख-पुकार मची, जब घर में आग लग गई. इस भीषण आगजनी में सात लोग जिंदा जल गए. घर में लगी यह आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला. जब आग लगी तब सुबह तीन से चार बजे का वक्त था. उस वक्त लोग गहरी नींद में थे. आग लगते ही जोरदार धमाके हुए. पूरा मकान हिल गया और आग का गोला बन गया. किसी तरह तीन लोग अपनी जान बचाने में सफल रहे. मगर सात लोग काल के गाल में समा गए. अगर एक गलती नहीं हुई होती तो शायद सबकी जान बच जाती और बड़ा हादसा होने से भी बच जाता.

चलिए सबसे पहले जानते हैं कि इंदौर कैसे दहला है. घटना बुधवार तड़के करीब 3-4 बजे की है. बंगाली चौराहे के पास एक कॉलोनी में में यह हादसा हुआ. आग की वजह भी तुरंत सामने आ गई. आग लगने की वजह है शॉर्ट सर्किट. वह भी ईवी कार की चार्जिंग के दौरान. जी हां, अगर रात भर एश यानी इलेक्ट्रिक व्हिकल को चार्ज में नहीं लगाया होता और शॉर्ट सर्किट नहीं होता तो शायद यह आग ही नहीं लगती.



### ● कैसे लगी आग

दरअसल, पुगलिया परिवार में यह लाशें बिछी हैं. इस परिवार ने घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार को चार्जिंग पर लगाया था. मंगलवार रात से ईवी की चार्जिंग चल रही थी. चार्ज में लगाकर सभी सो गए थे. अचानक बुधवार तड़के तीन-चार बजे के आसपास चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हो गया. इलेक्ट्रिक कार तुरंत आग का गोला बन गई. आग तेजी से घर की ओर फैल गई और घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों तक पहुंच गई. इसके बाद जो धमाके हुए, उसका शोर पूरे इंदौर शहर में सुनाई दिया.

### ● कैसे धमाकों से दहला इंदौर

जी हां, ईवी चार्जिंग वाले प्वाइंट से लगी यह आग देखते ही देखते घर में रखे गैस सिलेंडरों तक पहुंच गई. इसके बाद एक के बाद एक जोरदार धमाके से फट गए. धमाके इतने तेज थे कि पूरा इलाका दहल गया. घर का एक हिस्सा ढह गया. अंदर सो रहे लोग सोते ही रह गए और किसी को संभलने का भी मौका नहीं मिला. बताया जा रहा है कि इस परिवार में कोई फंक्शन था. इसके कारण कई रिश्तेदार आए थे.

# कमर्शियल गैस सिलेंडर को लेकर सरकार का बड़ा फैसला, अब कारोबारियों की होगी चांदी

नई दिल्ली/एजेंसी।

इंटर-मिनिस्ट्रियल ब्रीफिंग में देश की ऊर्जा आपूर्ति और रसोई गैस वितरण को लेकर सरकार ने कई अहम और बड़े ऐलान किए हैं। घरेलू एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के लगातार जारी रखने का भरोसा दिलाते हुए, सरकार ने भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में कमर्शियल गैस सिलेंडर पर अब सभी राज्यों को 10 फीसदी अतिरिक्त एलपीजी कोटा देने का फैसला किया गया है। सरकार के इस कदम से छोटे व्यापारियों और रेस्टोरेंट मालिकों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें अक्सर मांग बढने या त्योहारों के सीजन में गैस की किल्लत का सामना करना पड़ता था।



### घरेलू गैस उत्पादन में बंपर उछाल

सरकार के लिए एक बड़ी राहत की खबर यह है कि देश के भीतर घरेलू एलपीजी उत्पादन में 40 फीसदी की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि, अधिकारियों का मानना है कि वैश्विक और घरेलू स्तर पर एलपीजी की मौजूदा स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। इसी संकट को देखते हुए सरकार ने आम नागरिकों से एक विशेष और अहम अपील की है। सरकार ने कहा है कि जिन इलाकों में पीएनजी पाइपलाइन की सुविधा उपलब्ध है, वहां के लोग एलपीजी सिलेंडर का मोह छोड़कर तुरंत पीएनजी कनेक्शन अपनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़मेर जिले की नई अधि सूचना जारी

**चमकता राजस्थान/ बाड़मेर बायतु/गोरधन सिंह बागड़वा।** बायतु थाना अब बाड़मेर एसपी के क्षेत्राधिकार में। पूर्व में नवगठित जिला बालोतरा में बायतु को शामिल किया गया था,तो बायतु थाना बालोतरा रढ के अधीन था।परंतु अब पुनः बायतु को बाड़मेर जिले में शामिल करने के बाद पुलिस थाना ,बाड़मेर एसपी के क्षेत्राधिकार में किया गया। बाड़मेर जिले की नई अधि सूचना जारी । बायतु थाना अब बाड़मेर एसपी के क्षेत्राधिकार में। ज्ञात रहे की पूर्व में नवगठित जिला बालोतरा में बायतु को शामिल किया गया था,तो बायतु थाना बालोतरा रढ के अधीन था।परंतु अब पुनः बायतु को बाड़मेर जिले में शामिल करने के बाद पुलिस थाना ,बाड़मेर एसपी के क्षेत्राधिकार में किया गया।

### गणगौर महोत्सव को लेकर तिजनियों मे झलका उत्साह



**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता/जोधपुर।** श्री गंगानगर में, महिला मण्डल द्वारा गणगौर पर्व, बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । रामेश्वर सोनी कि रिपोर्ट के अनुसार, श्रेष्ठा मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बिन्दु सहदेव ने बताया कि, गणगौर उत्सव भारतीय संस्कृति, संस्कार, सभ्यता और परम्परा के अनुरूप मनाया गया, इस दौरान अनेक कार्यक्रम हुए ।

जिसमें माताए बहने, रंग बिरंगे मारवाड़ी वस्त्र पहन, सजधज कर आई, गवर माता और ईशर जी का पुजन कर, पारम्परिक रूप से गीत गाए, वही मारवाड़ी एवं फिल्मी गीतों पर जमकर नृत्य किया, इस आयोजन में, दीपमाला सोनी ने मंच संचालन कर समा बांधा ।

इस कार्यक्रम में बिन्दु सहदेव, लीला सोनी, चन्द्रकला सोनी, चाँद सोनी, लक्ष्मी सोनी, कान्ता सोनी, रेखा सोनी, राजो सोनी, सुनीता सोनी, अंजू सोनी, दीपमाला सोनी, मंजू सोनी, मधु सोनी, सन्तोष सोनी, वैजयंती सोनी, मीरा सोनी, कृष्णा सोनी, सोनिया सोनी, सहित अनेक तीजनिया उपस्थित रही, आयोजन को लेकर माताओं बहनों में झलका उत्साह ।

### रसद विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही कर 03 घरेलू छढत्रृसिलेण्डर जब्त किए



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** मंगलवार को खाद्य एवं नागरिक अपूर्ति विभाग के आदेश एवं कमल राम मीना जिला कलक्टर व्यावर के निर्देशानुसार अभियान चलाकर घरेलू एलपीजी सिलेण्डरो के व्यवसायिक उपयोग, अवैध रिफलिंग, अवैध भण्डारण और कालाबाजारी जैसी गतिविधियो पर अंकुश लगाने तथा दुरूपयोग पर कार्यवाही करने के निर्देशो की अनुपालना में 17.मार्च .2026 को अब्दुल सादिक, जिला रसद अधिकारी, ब्यावर के नेतृत्व में विक्रान्त मथुरिया, प्रवर्तन निरीक्षक द्वारा छापामार कार्यवाही कर कुल 03 घरेलू LPG सिलेण्डर जब्त किये। बबलू मिस्त्री, लिंक रोड़ सुमेल रायपुर जिला ब्यावर प्रोपराइटर- बबलू मिस्त्री र/ड श्रवणजीत कुल- 03 घरेलू गैस सिलेण्डर दुकानदारों द्वारा घरेलू LPG सिलेण्डर का व्यवसायिक दुरूपयोग कर LPG आदेश 2000 के प्रावधानो का उलघंन करने पर 03 घरेलू सिलेण्डर जब्त किए एवं श्री लादूराम पुत्र श्री रामकरण मैसर्स सुमेल इण्डेन ग्रामीण वितरक सुमेल को सुपुर्दगी पर दिए गए।उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय जिला कलक्टर ब्यावर के समक्ष आवशयक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6अ में प्रस्तुत किए जाएंगे।

# रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ केकड़ी में कांग्रेस का हल्ला बोल

## विधायक एवं जिला अध्यक्ष डॉ विकास चौधरी बोले- 'जनता की जेब पर डाका डाल रही है सरकार'

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/ अजमेर/केकड़ी।** आज केकड़ी की सड़कों पर महंगाई के खिलाफ आक्रोश का सैलाब उमड़ पड़ा। किशनगढ़ विधायक व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. विकास चौधरी व पूर्व मंत्री रघु शर्मा के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों, विशेषकर रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों और बेकाबू महंगाई के विरोध में एक विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया।




हजारों कार्यकर्ताओं के साथ घेराव प्रदर्शन की शुरुआत स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से हुई, जहाँ से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम जन नारेबाजी करते हुए मुख्य मार्गों से गुजरे। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने हाथों में खाली गैस सिलेंडर और तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर महंगाई कम करने और आम आदमी को राहत देने की मांगें लिखी थीं।

विधायक डॉ. विकास चौधरी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा: आज आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। रसोई गैस की कीमतें गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर हो गई हैं। सरकार जनता की जेब पर डाका डाल रही है। हम चुप नहीं बैठेंगे और सदन से लेकर सड़क तक जनता की इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे।

पूर्व मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार केवल उद्योगपतियों के हित में काम कर रही है, जबकि आम जनता दाने-दाने को तरस रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गैस की कीमतों में कटौती नहीं की गई, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा।

विकास चौधरी का जगह-जगह स्वागत- बुधवार को केकड़ी दौरे पर रहे किशनगढ़ विधायक व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ विकास चौधरी का सरवाड़ के मुख्य चौराहा, बार एसोसिएशन सरवाड द्वारा कोर्ट के सामने, यूथ कांग्रेस केकड़ी , जाट समाज केकड़ी द्वारा तेजाजी मंदिर में सहित आधा दर्जन से ज्यादा जगह पर फूलमाला,साफा व विभिन्न प्रतीक चिन्ह से भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

मांग की गई कि:

» रसोई गैस के दामों में तत्काल कमी की जाए।

» खाद्य पदार्थों और आवश्यक वस्तुओं पर बढ़ती जीएसटी दरों को वापस लिया जाए।

» आम उपभोक्ता को महंगाई से राहत देने के लिए विशेष पैकेज की घोषणा हो।

इस अवसर पर केकड़ी और किशनगढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षदगण, सरपंच और बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी तरीके से नसीराबाद विधानसभा में आज नसीराबाद में भी गैस सिलेंडर को लेकर धरना प्रदर्शन पीसीसी महासचिव महेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में किया गया श्रीनगर ब्लाॅक अध्यक्ष ओंकार गुर्जर के साथ श्रीनगर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता नसीराबाद

## कुण्डल में हुई लगभग 64 लाख रुपए की चोरी जिसको लेकर दौसा एडिशनल एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने लिया मौके पर पहुंच कर जायजा

चमकता राजस्थान

**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** कुण्डल तहसील मुख्यालय में शुभलक्ष्मी ज्वैलर्स एंड संस पर नकाबपोश बदमाशों द्वारा की गई लगभग 64 लाख की चोरी की वारदात के बाद मंगलवार देर शाम एडिशनल एसपी योगेन्द्र फौजदार,बांदीकुई सीओ रोहिताश देवनदा,बांदीकुई थानाप्रभारी जहीर अब्बास घटनास्थल पर पहुंचे। कोलवा थानाप्रभारी रामशरण गुर्जर द्वारा वारदात के बारे में जानकारी प्रदान की। पुलिस अधिकारियों ने नकाबपोश बदमाशों द्वारा अंजाम दी गई वारदात के सीसीटीवी फुटेज भी देखे। एडिशनल एसपी ने जल्द चोरों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा करने का आश्वासन दिया।



- चोरी की वारदात पर अंकुश नहीं लगा तो करेंगे जन आंदोलन - दौसा विधायक बैरवा

विधायक दीनदयाल बैरवा भी बुधवार शाम कुण्डल स्थित 'शुभ लक्ष्मी ज्वैलर्स एंड संस' की दुकान पर पहुंचे और घटना का जायजा लेकर सीसीटीवी फुटेज भी देखे। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की। विधायक ने कहा कि चोरियों की वारदात पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन से वार्ता करेंगे। इसके बाद भी चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा तो वे एक बड़ा जन आंदोलन करेंगे। एवं चोरी की घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से रोजान गश्त लगाने व गश्त बढ़ाने की भी मांग की।

## नगर पालिका रानी में स्वच्छता सप्ताह के तहत विशेष सफाई अभियान

चमकता राजस्थान

**भरत कुमार गांधी/रानी(पाली)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (शहरी) के अंतर्गत नगर पालिका रानी द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से 14 मार्च से 19 मार्च 2026 तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 18 मार्च 2026 को डंपिंग यार्ड के पास स्थित मुख्य रास्ते पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मार्ग पर फैली गंदगी, कचरा एवं मलबे को हटाकर रास्ते को साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित किया गया।




यह अभियान अधिशासी अधिकारी श्री मगराज चौधरी के आदेशानुसार संचालित किया गया, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के इंजीनियर मोनूकांत, स्वच्छता निरीक्षक श्री तेजकरण, जमादार श्री सुरेश आदिवाल सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी एवं सफाई कर्मियों का सहयोग रहा।

अभियान के दौरान आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरा निर्धारित स्थान पर डालने एवं शहर को साफ रखने की अपील की गई। नगर पालिका प्रशासन द्वारा ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रखने की बात कही गई।

### श्रीनगर थाना प्रभारी पारूल यादव ने सीएलजी की बैठक त्योहार पर शांति की अपील सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग पर हुई चर्चा



**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर/ अजमेर।** पुलिस थाना परिसर में बुधवार को श्रीनगर थाना प्रभारी पारुल यादव ने सीएलजी सदस्यों की बैठक ली। यादव ने सदस्यों से कहा कि आगामी दिनों में नवरात्र, ईद, महत्वपूर्ण त्योहार का आयोजन होगा ।त्योहारों पर शांति बनाए रखें ।एवं आपसी भाईचारे से त्योहार मनाए। सदस्यों ने खेत पर बने कुए पर लगी विद्युत मोटर की केबल काट कर ले जाने वाली घटनाओं की घटनाओं की जानकारी दी। खेड़ा चौराहे पर पुलिया निर्माण के दौरान संकेतक बोर्ड नहीं लगे होने से आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवशयक कदम उठाने की मांग की गई।थाना प्रभारी बताया कि सेल्फ डिफेंस के लिए विद्यालयों में छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से जन सहयोग से गली मोहल्लों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। शादियों में गहने चुराने की घटनाएं होती है। सावधानी रखें। बैठक में पूर्व सरपंच रामकरण यादव, राम सिंह रावत ,धनराज कहार ,सत्यनारायण मलावर हरिओम यादव, महावीर जांगिड़ ,लल्लू राम कहार, मेघराज रावत, मंगलनाथ, कन्हैया लाल ,यादव नंदागुर्जर, सत्यनारायण यादव ,विश्राम यादव, हरदयाल गुर्जर ,पप्पू ठेकेदार ,उम्मेद बैग, गुलाब सिंह रावत आदि सीएलजी सदस्य मौजूद रहे कहार समाज के लोग वार्ड पंच धनराज कहार लल्लू राम कहार ने तेजाजी रामदेव जी मंदिर के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की

### बनस्थली विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में मधु सिंह को पीएचडी की उपाधि

- **चित्रकला (ड्राइंग एंड पेंटिंग) विषय में शोध पूर्ण करने पर मिली डॉक्टरेट डिग्री**

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान के प्रतिष्ठित महिला शिक्षण संस्थान वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित 42वें दीक्षांत समारोह के दौरान शोधार्थी मधु सिंह को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (PhD) की उपाधि प्रदान की गई।



विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रमाणपत्र के अनुसार मधु सिंह ने ड्राइंग एंड पेंटिंग (चित्रकला) विषय में अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह डिग्री 06 दिसंबर 2025 को स्वीकृत की थी, जबकि औपचारिक रूप से इसे 14 मार्च 2026 को आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। इस दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी फोरम (NETF), भारत सरकार के अध्यक्ष प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा, नैतिक मूल्यों और समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बालिकाओं को साइकिल वितरित,चेहरे पर झलकी खुशी



**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/रानी।** श्री वालचंद मानमल खीमावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खीमेल में बालिकाओं को साइकिल वितरण की गई। प्रधानाचार्य अर्जुनसिंह राव ने बताया कि विद्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में श्री राज राजेंद्र बसंतीदेवी किशोरमल खीमावत ट्रस्ट के आर्यन खीमावत पुत्र राहुल खीमावत, एकता खीमावत, प्रशासक रमेशकुमार सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कक्षा नवम में अध्ययनरत बालिकाओं को राज्य सरकार द्वारा निशुल्क साइकिल वितरित की गई। हाथों में साइकिल पाकर बालिकाएं खुश नजर आई। अब बालिकाओं को घर से विद्यालय आने-जाने में आसानी रहेगी।समारोह को संबोधित करते हुए आर्यन खीमावत ने साइकिल वितरण को राज्य सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए बालिका शिक्षा को बढ़ावा करने वाली पहल बताया। समारोह में उपाचार्य अर्चना देव, एसडीएमसी सदस्य,शिक्षक, बालिकाएं सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्रीनगर गढ़ी वाली माता मंदिर में नवरात्र स्थापना बाबा योगी गोरी नाथ करेंगे घट स्थापना शाम को महारती

## श्रीनगर अरावली की गोद में विराजीं 'गढ़ वाली माता': गोड़ राजाओं ने की थी स्थापना, चर्म रोग दूर करते हैं यहाँ के चमत्कारिक कुंड

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/ अजमेर। श्रीनगर (अजमेर)** । अजमेर, नसीराबाद और किशनगढ़ के मध्य अरावली की पर्वत श्रृंखलाओं के बीच बसा ऐतिहासिक गांव श्रीनगर इन दिनों माता की भक्ति के रंग में डूबा हुआ है। यहाँ पहाड़ी की चोटी पर प्राचीन गढ़ के भीतर विराजमान 'माता गढ़ वाली' का मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर भी है।

- **गोड़ राजाओं द्वारा स्थापित प्राचीन धरोहर**

इतिहास के पन्नों को पलटें तो इस मंदिर की स्थापना प्राचीन काल में गोड़ राजाओं द्वारा की गई थी। मंदिर परिसर में मौजूद प्राचीन शिलालेख आज भी इसके गौरवशाली इतिहास की गवाही देते हैं। श्रीनगर गांव इस मंदिर के चारों ओर बसा हुआ है, जिससे यह सिद्ध होता है कि माता सदैव अपने भक्तों की रक्षा के लिए गढ़ के रूप में प्रहरी बनकर खड़ी हैं।



### चमत्कारिक कुंड और औषधीय वृक्ष

श्रद्धालुओं की मान्यता है कि मंदिर परिसर में स्थित दो चमत्कारिक कुंडों के जल में औषधीय गुण हैं। कहा जाता है कि इन कुंडों में स्नान करने से असाध्य चर्म रोग भी दूर हो जाते हैं। मंदिर के पास एक विशाल वट वृक्ष और दुर्लभ कल्पवृक्ष भी विद्यमान है, जो वातावरण को आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं।

### सुविधाओं का विस्तार और जीर्णोद्धार

एक समय था जब पहाड़ी पर स्थित इस मंदिर तक पहुँचना अत्यंत दुर्गम और कठिन था।

**सुगम मार्ग:** मंदिर को नेशनल हाईवे से सीधे जोड़ दिया गया है। गांव के अंदर से भी पुराना रास्ता ऊपर तक जाता है, जहाँ से वाहन आसानी से आ-जा सकते हैं।

### टाक परिवार का समर्पण:

» हाल ही के वर्षों में श्रीनगर के टाक परिवार ने अपनी कुलदेवी के प्रति अगाध श्रद्धा दिखाते हुए मंदिर का भव्य जीर्णोद्धार करवाया है। इसे पुन: एक भव्य 'गढ़' का स्वरूप दिया गया है। आधुनिक व्यवस्था: अब यहाँ बीसलपुर परियोजना से सीधा जल कनेक्शन, 24 घंटे बिजली और श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक शौचालय की व्यवस्था है। मंदिर में पुजारी जी की स्थायी उपस्थिति और विशाल बरामदे व धर्मशालाएं दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को सुविधा प्रदान करती हैं।

### नवरात्र में उमड़ता है आस्था का सैलाब

» नवरात्र के दौरान यहाँ का माहौल उत्सव जैसा होता है। 'चिंतपूर्णी' माता के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। बच्चों के लिए लगे झूले और मंदिर के आगे का खुला मैदान इसे एक रमणीय पर्यटन स्थल भी बनाता है। ग्रामीण इसे 'श्रीनगर का हृदय स्थल' मानते हैं। मान्यता है कि माता के दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं जाता और माँ सबकी झोली भरती हैं। 12:15 बजे बाबा योगी गोरी नाथ करेंगे घट स्थापना व शाम को होगी महा आरती

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929